केवल आप के लिये
गांव–गांव शहर–शहर देश दुनियां में अपनों तक पहुंचाना है तो :भारतीय बस्ती दैनिक वेब
www.bhartiyabasti.com
और उसका छपा संस्करण सबसे बेहतर माध्यम
सम्पर्क–bhartiyabasti@gmail.com
मो0 9450567450| 9336715406

# दैनिक भारतीय बस्ती

भारतीय बस्ती
www.bhartiyabasti.com के लिये विज्ञापन बुक कराये। विचार, प्रचार का सशक्त माध्यम सम्पर्क
मो0 9450567450
9336715406
भारतीय बस्ती आमंत्रण मूल्य 2रूपया

R.N.I. 38784/81 डाक पंजीकरण सं0 B.S.T 59 बस्ती, वर्ष :45 अंक 242 शनिवार 23 मार्च 2024 (बस्ती संस्करण) बस्ती एवं अयोध्या–फैजाबाद से एक साथ प्रकाशित पृष्ठ :4मूल्य:3.00 रुपया www.bhartiyabasti.com

## एक नजर

### गोदान एक्सप्रेस में लगी आग



मुम्बई (आभा)। गोदान एक्सप्रेस की 2 बोगियों में शुक्रवार को भीषण आग लग गई। रिपोर्ट के मुताबिक, यह हादसा महाराष्ट्र के नासिक में हुआ। न्यूज एजेंसी ने घटना का वीडियो फुटेज जारी किया है। इसमें ट्रेन को बोगियों को धू–धूकर जलते हुए देखा जा सकता है। मौके पर कई सारे लोग भी नजर आ रहे हैं जो रेल की पटरियों के पास खड़े हैं। आग की लपटें ऊपर तक उठती हुई देखी जा सकती हैं। इस घटना के चलते जान और माल को कितना नुकसान पहुंचा है, इसे लेकर अभी और ज्यादा जानकारी आने का इंतजार किया जा रहा है।

### सड़क हादसे में महिला की मौत



–भारतीय बस्ती संवाददाता–

बनकटी (बस्ती)। लालगंज थाना क्षेत्र के ग्राम पसडा निवासी चंद्रेश प्रजापति की पत्नी इंद्रावती की उम्र लगभग 48 वर्ष की सड़क हादसे में मौत हो गई।

मिली जानकारी के अनुसार वह अपने रिश्तेदार मुंडेरवा थाना अंतर्गत जगदीशपुर किसी कामसे गई थी अपने घर वापस आते समय बर्धन राइस मिल के पास अचानक रास्ते में कुत्ते को बचाते वक्त बाइक सवार सड़क पर लेकर गिर गया जिससे इंद्रावती की सर में चोट लग गई आसपास के राहगीरों की मदद से उसे सीएचसी मुंडेरवा ले जाया गया वहां के डॉक्टरों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया । बस्ती अस्पताल ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई। परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है इंद्रावती के पास चार लड़कियां और एक लड़का है, पूनम नीलम की शादी हो चुकी है अपने घर रहती हैं नेहा 16 वर्ष की हैं रूबी 14 वर्षकी राज की उम्र 10 वर्ष है । उसके पति दिल्ली में मजदूरी का काम करते हैं । इंद्रावती के ससुर बुजुर्ग हैं । मुंडेरवा थाना अध्यक्ष ने लाश को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### कांग्रेस का खाता फ्रीज किये जाने पर रोष


–भारतीय बस्ती संवाददाता–

बस्ती,। कांग्रेस पार्टी के बैंक खाते फ्रीज किये जाने पर पार्टी नेताओं ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। जिलाध्यक्ष ज्ञानेन्द्र पाण्डेय 'ज्ञानू' ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति में कहा कि केन्द्र की मोदी सरकार विपक्ष का सामना करने को तैयार नही है। इसीलिये अलोकतांत्रिक व असंवैधानिक तरीके अपनाकर एक सुनियोजित साजिश के तहत विपक्ष को कमजोर किया जा रहा है।

लोकसभा चुनाव की अधिसूचना जारी हो चुकी है, पार्टियों के नेता जनसभाओं और प्रचार माध्यमों से जनता के बीच पहुंच रहे हैं लेकिन ऐन मौके पर कांग्रेस पार्टी के बैंक खातों को फ्रीज करवाकर केन्द्र सरकार ने भारत के लोकतंत्र को फ्रीज कर दिया है। भारत में लोकतंत्र बचा ही नही है। जनता ने भाजपा को समर्थन दिया तो यह आखिरी चुनाव होगा और भारत में लोकतंत्र इतिहास बन जायेगा। जिलाध्यक्ष ज्ञानेन्द्र पाण्डेय ने कहा 2017–18 के एक मामले को लेकर पार्टी के खाते फ्रीज किये गये हैं जिस पर अधिक से अधिक 10 हजार की पेनाल्टी बनती है।

लेकिन पार्टी के ऊपर 210 करोड़ की पेनाल्टी लगाई गई है, यह कहां का लोकतंत्र है ? इतना ही नही आर्थिक संकट से पार्टी को उबारने के लिये पार्टी के पदाधिकारियों तथा कार्यकर्ताओं ने जो धन संग्रह किया उसे भी पार्टी चुनाव प्रचार में इस्तेमाल नही कर पा रही है।

# केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में प्रदर्शन नेताओं ने किया चुनाव आयोग से मुलाकात



नई दिल्ली (आभा)। दिल्ली शराब नीति केस में पीएमएलए कोर्ट मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की रिमांड पर किसी भी वक्त फैसला सुना सकता है। 3 घंटे की सुनवाई के बाद कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रखा लिया है। इससे पहले केजरीवाल को शुक्रवार दोपहर 2 बजे राउज एवेन्यू कोर्ट में पेश किया गया। सुनवाई दोपहर 2.15 बजे शुरू होकर शाम 5. 15 बजे तक चली।

इस दौरान ईडी ने 10 दिन की रिमांड मांगी है। साथ ही सीएम को इस मामले का मास्टरमाइंड बताया। साथ ही दावा किया कि इस केस से जुड़े कई सारे इलेक्ट्रॉनिक सबूत मिटाए गए। कई सारे फोन तोड़े गए हैं।केजरीवाल दिल्ली शराब नीति को बनाने में सीधे तौर पर शामिल थे। दो बार कैश ट्रांसफर किया गया। पहले 10 करोड़ और फिर 15 करोड़ दिए गए। केजरीवाल पंजाब और गोवा चुनाव के लिए फंडिंग चाहते थे। गोवा चुनाव में 45 करोड़ रुपए इस्तेमाल हुआ। केजरीवाल के वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि ईडी के पास सब कुछ है, तो गिरफ्तारी की जरूरत क्यों पड़ी? 80: लोगों ने केजरीवाल का नाम नहीं बताया। उन्होंने यह भी नहीं कहा कि वे उनसे कभी मिले भी थे।

ईडी की तरफ से एडिशनल सॉलिसिटर जनरल एएसजी राजू ने तो अरविंद केजरीवाल के वकील अभिषेक मनु सिंघवी, विक्रम चौधरी और रमेश गुप्ता ने दलीलें रखीं। इस बीच विपक्ष के नेताओं ने चुनाव आयोग से मुलाकात की। केजरीवाल को 21 मार्च को मुख्यमंत्री हाउस से गिरफ्तार किया गया था। उनकी रात ईडी की लॉकअप में कटी।

इससे पहले केजरीवाल अपनी गिरफ्तारी के खिलाफ सुबह सुप्रीम कोर्ट पहुंचे। जस्टिस संजीव खन्ना, जस्टिस बेला एम त्रिवेदी और जस्टिस एमएम सुंदरेश की बेंच के सामने कुछ ही देर बाद केजरीवाल ने सुप्रीम कोर्ट से अर्जी वापस लेने की गुजारिश की।

केजरीवाल के वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने कोर्ट से कहा– ट्रायल कोर्ट में रिमांड की कार्यवाही सुप्रीम कोर्ट की सुनवाई के साथ टकरा रही है इसलिए उन्हें याचिका वापस लेने की अनुमति दी जाए। ट्रायल कोर्ट में हम पहले रिमांड प्रोसीडिंग पर लड़ेंगे और फिर एक और याचिका के साथ सुप्रीम कोर्ट आएंगे। केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में आप कार्यकर्ताओं ने दिल्ली के आईटीओ में प्रदर्शन किया। दिल्ली सरकार के दो मंत्रियों आतिशी और सौरभ भारद्वाज को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान केजरीवाल के परिवार से मिलने उनके घर पहुंचे । बताया जा रहा है कि राहुल गांधी केजरीवाल के घर उनके परिवार से मिलने जा सकते हैं।

## बेसिक शिक्षा के शारदा योजना में शिक्षकों को दिया प्रशिक्षण




–भारतीय बस्ती संवाददाता–

बस्ती। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के परिसर में शुक्रवार को प्राचार्य संजय कुमार शुक्ल के नेतृत्व में जन सहयोग से साबुन बैंक की स्थापना की गई। प्राचार्य संजय कुमार शुक्ल ने कहा कि डायट में बड़ी संख्या में डीएलएड प्रशिक्षुओं के साथ टीचिंग और नॉन टीचिंग स्टाफ कार्यरत है। जिनके स्वास्थ्य और सेहत को ध्यान में रखते हुए यह अभिनव प्रयोग डायट में किया गया है। हाथ धोने के साथ–साथ नहाने और कपड़े धोने के लिए अलग–अलग साबुन की व्यवस्था उपलब्ध है। कहा कि हाथ धोने वाले साबुन की कमी से डायट की बच्चियों को परेशानियों का सामना करते हुए देखा गया। जिसके मद्देनजर यह व्यवस्था स्थापित की गई। साबुन बैंक की स्थापना के बाद डायट सभागार में उन्होंने प्रशिक्षुओं को संबोधित करते हुए कहा कि आप सब भविष्य के शिक्षक हैं और हम आशा करते हैं कि आप अपने विद्यालयों में जब जाएंगे तो इस तरह का कार्य बच्चों की स्वास्थ्य और सुरक्षा के दृष्टिगत जरूर करेंगे। कहा कि हमारे परिषदीय विद्यालय में कार्यरत शिक्षकों को भी अपने विद्यालय में इस तरह का कार्य अवश्य करना चाहिए यह मौजूदा समय की आवश्यकता भी है और बच्चों के स्वास्थ्य के दृष्टिगत जरूरी भी। डायट द्वारा प्रशिक्षुओं को पेपर सोप वितरित भी किया गया। इस अवसर पर डायट प्रवक्ता वंदना चौधरी, सरिता चौधरी, डॉ रविनाथ, डॉ गोविन्द, मो इमरान, कल्याण पाण्डेय, कुलदीप चौधरी आदि उपस्थित रहे।

## फर्जी मृत्यु प्रमाण–पत्र जारी करने के मामले में आरोपी ग्राम पंचायत अधिकारी गिरफ्तार



–भारतीय बस्ती संवाददाता–

बनकटी (बस्ती)। फर्जी मृत्यु प्रमाण–पत्र जारी करने के मामले में ग्राम पंचायत अधिकारी को लालगंज पुलिस ने गिरफ्तार किया है। सेक्रेट्री पर लालगंज थानाक्षेत्र के जगन्नाथपुर निवासी भाकियू नेता शिवशंकर पांडेय के नाम से फर्जी मृत्यु प्रमाण–पत्र जारी करने का आरोप है।

पुलिस के अनुसार जेल में निरुद्ध शिवशंकर पांडेय ने कूट रचना एवं धोखाधड़ी करके अपना मृत्यु प्रमाण–पत्र ग्राम पंचायत अधिकारी सचिव अजीत सिंह निवासी जिवधरा, थाना मुंडेरवा से जारी कराया था। जो वर्तमान समय में परशुरामपुर क्षेत्र में सेक्रेट्री के पद पर तैनात है। कथित भारतीय किसान यूनियन नेता शिवशंकर पांडेय ने खुद को हादसे में मृत घोषित करते हुए जालसाजी करके तत्कालीन ग्राम पंचायत अधिकारी जगन्नाथपुर अजीत सिंह की मिलीभगत से डेथ सर्टिफिकेट बनवा लिया था। उक्त प्रकरण में लक्ष्मेश्वर पांडेय निवासी जगन्नाथपुर, थाना लालगंज ने शिकायत करके केस दर्ज कराया था। पुलिस वांछित को ढूंढ रही थी। उक्त ग्राम पंचायत अधिकारी को गिरफ्तार करने में थानाध्यक्ष लालगंज सुनील गौड़, रामभवन प्रजापति, अरविन्द यादव आिद शामिल रहे।

# मतदाता जागरूकता के लिये आमंत्रण पत्र जारी, समय से शस्त्र न जमा करने वालों का निरस्त होगा लाइसेंस



–भारतीय बस्ती संवाददाता–

बस्ती । लोकसभा सामान्य निर्वाचन में सभी मतदेय स्थलों पर आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी अंद्रा वामसी ने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया है। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक में उन्होंने लेखपाल तथा ग्राम पंचायत विकास अधिकारी के माध्यम से सभी मतदेय स्थलों का रिपोर्ट मांगने का निर्देश दिया है। विगत दो दिवसों में सेक्टर मजिस्ट्रेट द्वारा बूथ का निरीक्षण किया गया और उसमें कोई गंभीर समस्या प्रकाश में नहीं आई है। जिलाधिकारी ने कहा कि मतदेय स्थल का फर्श, छत, पेयजल एवं टॉयलेट, विद्युत तथा रैम्प सही हालत में होना चाहिए। उन्होंने निर्देश दिया कि रूटचार्ट के बारे में भी लेखपाल से रिपोर्ट प्राप्त करें। उन्होंने हर्रैया तहसील में बंधे के पास बूथों का उप जिलाधिकारी तथा तहसीलदार द्वारा स्वयं निरीक्षण करने का निर्देश दिया गया है।

उन्होंने सभी उप जिलाधिकारी को निर्देशित किया है कि थानावार समीक्षा एक सप्ताह के भीतर शस्त्र जमा करने की कार्रवाई पूर्ण करें। यदि कोई व्यक्ति शस्त्र जमा नहीं करता है, तो उसका लाइसेंस निरस्त किया जाएगा। उन्होंने लेखा समिति के अधिकारियों को निर्देशित किया कि कैश, ड्रग के संबंध में सूचना प्राप्त होने पर तत्काल नोडल अधिकारी मुख्य कोषाधिकारी को अवगत कराऐ। आदर्श आचार्य संहिता के उल्लंघन की सूचना प्राप्त होने पर इसकी भी जानकारी दें। उन्होंने बैठक में अनुपस्थित कंप्यूटर ऑपरेटर मुकेश कुमार तथा आशीष कुमार के विरुद्ध कार्यवाही करने का निर्देश दिया है।


उन्होंने निर्वाचन के लिए नियुक्त प्रेक्षकगण के जिले में आगमन पर की जाने वाली व्यवस्थाओं की समीक्षा किया। उन्होंने निर्देश दिया कि जिला निर्वाचन प्रबंधन कार्ययोजना की पत्रावली तैयार कर उन्हें उपलब्ध कराई जाए। उनके लिए अलग से कंप्यूटर ऑपरेटर, स्टेनो, कंप्यूटर, ईमेल सुविधा, वाई–फाई, वाहन तथा सुरक्षा की व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाए। प्रतिदिन उनके द्वारा भेजे जाने वाली रिपोर्ट का प्रोफार्मा कंप्यूटर में सेव रखा जाए। उनसे राजनीतिक दल के व्यक्तियों से मिलने के लिए अलग से समय निर्धारित किया जाए तथा उनके द्वारा बताए गए बूथों का निरीक्षण कराया जाए। निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान कर्मचारियों के रेंडमाइजेशन तथा उनके प्रशिक्षण का शेड्यूल उन्हें उपलब्ध कराया जाए। प्रशिक्षण के दौरान उनका आगमन सुनिश्चित किया जाए।

जिलाधिकारी ने अधिकारियों के साथ प्रेक्षक के ठहरने के लिए सर्किट हाउस का निरीक्षण किया तथा आवश्यक व्यवस्थाएं समय से पूरा करने का निर्देश दिया। उन्होंने कलेक्ट्रेट में स्थापित कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया तथा यहां कर्मचारियों को निर्देशित किया कि बिना अनुमति के मुख्यालय नहीं छोड़ेंगे। कंट्रोल रूम पूरे सप्ताह 24 घंटे कार्यरत रहेगा तथा यहां प्राप्त होने वाला प्रत्येक फोन कॉल अटेंड किया जाएगा और प्राप्त सूचना को नोट करके संबंधित अधिकारी को अवगत कराया जाएगा।

इस अवसर पर जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी ने मुख्य विकास अधिकारी/प्रभारी कार्मिक जयदेव सीएस तथा एडीएम/उप जिला निर्वाचन अधिकारी कमलेश चन्द्र के साथ मतदाता जागरूकता के लिए प्रकाशित आमंत्रण पत्र तथा पोस्टकार्ड का विमोचन किया। उन्होने निर्देश दिया है कि प्रवासी मतदाताओं को तथा उनके परिवार को यह आमंत्रण पत्र समय से उपलब्ध कराया जाए ताकि वह 25 मई को मतदान में भाग ले सकें। इस अवसर पर मुख्य कोषाधिकारी अशोक प्रजापति, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट शाहिद अहमद, उप जिलाधिकारी शत्रुघ्न पाठक, विनोंद पाण्डेय, आशुतोष तिवारी, डीपीआरओ रतन कुमार, उपायुक्त मनरेगा संजय शर्मा तथा संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे ।

बैठक के बाद जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी ने कंट्रोल रूम का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण में उन्होने कंट्रोल रूम में स्थापित 4 एलईडी टीवी का संचालन करने के साथ–साथ मानीटरिंग करने का निर्देश दिया है। इसके अलावा कम्प्यूटर सिस्टम के साथ वाई–फाई (इंटरनेट) की सुविधा भी उपलब्ध हों। कंट्रोल रूम कक्ष के कार्यो की व्यवस्था हेतु उन्होने नोडल अधिकारी नियुक्त करने का निर्देश संबंधित अधिकारी को दिया है। कंट्रोल रूम का नं. –05542–247132 एवं 8765923621 है। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी/उप जिला निर्वाचन अधिकारी कमलेश चन्द्र, मुख्यकोषाधिकारी अशोक प्रजापति, सहायक निर्वाचन अधिकारी सुभाष उपस्थित रहें।

# इलाहाबाद हाईकोर्ट का फैसला: यूपी मदरसा बोर्ड कानून असंवैधानिक



**इलाहाबाद (आभा)।** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने यूपी बोर्ड ऑफ मदरसा एजुकेशन एक्ट 2004 को असंवैधानिक करार दिया। कोर्ट ने कहा यह एक्ट धर्म निरपेक्षता के सिद्धांत के खिलाफ है। कोर्ट ने मदरसे में पढ़ने वाले छात्रों को बुनियादी शिक्षा व्यवस्था में समायोजित करने की बात भी कही है। याची अंशुमान सिंह राठौड़ ने याचिका दाखिल कर एक्ट को चुनौती दी थी। जस्टिस विवेक चौधरी और जस्टिस सुभाष विद्यार्थी की डिवीजन बेंच ने दिया आदेश।

रजिस्ट्रार मदरसा शिक्षा बोर्ड प्रियंका अवस्थी ने कहना हैं कि विस्तृत आदेश का इंतजार है। आदेश आने के बाद स्थिति पूरी स्पष्ट होगी। इसके बाद आगे का फैसला लिया जाएगा। वहीं यूपी मदरसा बोर्ड के चेयरमैन डॉक्टर इफ्तिखार अहमद जावेद ने इस फैसले पर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने अभी विस्तृत आदेश देखेंगे। आदेश के अध्यन के लिए वकीलों की टीम का गठन करेंगे। दो लाख बच्चों के भविष्य सवाल है। रोजगार भी जाएगा। सुप्रीम कोर्ट में चौलेंज किया जाएगा।

अंशुमान सिंह राठौड़ द्वारा दायर रिट याचिका पर इलाहबाद हाईकोर्ट का फैसला आया। इसमें यूपी मदरसा बोर्ड की शक्तियों को चुनौती दी गई। साथ ही भारत सरकार और राज्य सरकार और अन्य संबंधित अल्पसंख्यक कल्याण विभाग द्वारा मदरसा के प्रबंधन पर आपत्ति जताई गई।

आपको बता दें कि यह फैसला राज्य सरकार द्वारा राज्य में इस्लामी शिक्षा संस्थानों का सर्वेक्षण करने के निर्णय के महीनों बाद आया। इसने विदेशों से मदरसों फंडिंग की जांच के लिए अक्टूबर 2023 में एक एसआईटी का गठन भी किया। जांच रिपोर्ट में 13 हजार से अधिक मदरसों पर कार्रवाई करने की सिफारिश की गई। साथ ही नेपाल बार्डर के मदरसों पर सख्ती बढ़ा दी गई।

इलाहाबाद के इस फैसले के प्रदेशभर मदरसे के अस्तित्व पर संकट आ गया है। करीब यूपी मदरसा बोर्ड करीब 15200 मदरसे प्रभावित होंगे। यहां छात्र और शिक्षक पर संकट गहरा सकता है। हालांकि फैसले को लेकर मदरसा बोर्ड सुप्रीम कोर्ट का रुख कर सकती है।

उच्च न्यायालय ने अक्टूबर 2019 में मदरसा बोर्ड की कार्यप्रणाली और संरचना से संबंधित कुछ प्रश्नों को एक बड़ी पीठ को भेज दिया। जिन सवालों को बड़ी बेंच को भेजा गया। क्या बोर्ड का उद्देश्य केवल धार्मिक शिक्षा प्रदान करना है?

भारत में एक धर्मनिरपेक्ष संविधान के तहत किसी विशेष धर्म के व्यक्तियों को किसी भी धर्म से संबंधित शिक्षा बोर्ड में नियुक्तध्नामांकित किया जा सकता है

अधिनियम बोर्ड को राज्य के अल्पसंख्यक कल्याण मंत्रालय के तहत कार्य करने का प्रावधान करता है। इसलिए, एक सवाल उठता है कि क्या अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के तहत मदरसा शिक्षा प्रदान करना मनमाना है, जबकि जैन, सिख, ईसाई आदि जैसे अन्य अल्पसंख्यक समुदायों से संबंधित अन्य सभी शिक्षा संस्थान शिक्षा मंत्रालय के तहत चलाए जा रहे. हैं।

### संजय चौहान ने तोड़ा सपा से नाता

लखनऊ (आभा)। लोकसभा चुनाव में जैसे–जैसे टिकटों का ऐलान हो रहा है दलों की भूमिकाएं बदल रही हैं। टिकट नहीं मिलने से पल्लवी और कृष्णा पटेल की पार्टी अपना दल कमेरावादी के बाद संजय चौहान की जनवादी पार्टी सोशलिस्ट ने सपा से नाता तोड़ लिया है। संजय चौहान ने शुक्रवार को लखनऊ में सपा पर वादा करके भी घोसी से टिकट नहीं देने का आरोप लगाते हुए अकेले ही लड़ने का ऐलान कर दिया। संजय चौहान को पिछले लोकसभा चुनाव में सपा ने चंदौली से मैदान में उतारा था। इस बार संजय चौहान घोसी से टिकट मांग रहे थे। गुरुवार को ही सपा ने घोसी से राजीव राय को प्रत्याशी घोषित कर दिया।

## अभिनव प्रयोग- डायट में स्थापित हुआ साबुन बैंक



–भारतीय बस्ती संवाददाता–

बस्ती। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के परिसर में शुक्रवार को प्राचार्य संजय कुमार शुक्ल के नेतृत्व में जन सहयोग से साबुन बैंक की स्थापना की गई। प्राचार्य संजय कुमार शुक्ल ने कहा कि डायट में बड़ी संख्या में डीएलएड प्रशिक्षुओं के साथ टीचिंग और नॉन टीचिंग स्टाफ कार्यरत है। जिनके स्वास्थ्य और सेहत को ध्यान में रखते हुए यह अभिनव प्रयोग डायट में किया गया है। हाथ धोने के साथ–साथ नहाने और कपड़े धोने के लिए अलग–अलग साबुन की व्यवस्था उपलब्ध है। कहा कि हाथ धोने वाले साबुन की कमी से डायट की बच्चियों को परेशानियों का सामना करते हुए देखा गया। जिसके मद्देनजर यह व्यवस्था स्थापित की गई। साबुन बैंक की स्थापना के बाद डायट सभागार में उन्होंने प्रशिक्षुओं को संबोधित करते हुए कहा कि आप सब भविष्य के शिक्षक हैं और हम आशा करते हैं कि आप अपने विद्यालयों में जब जाएंगे तो इस तरह का कार्य बच्चों की स्वास्थ्य और सुरक्षा के दृष्टिगत जरूर करेंगे। कहा कि हमारे परिषदीय विद्यालय में कार्यरत शिक्षकों को भी अपने विद्यालय में इस तरह का कार्य अवश्य करना चाहिए यह मौजूदा समय की आवश्यकता भी है और बच्चों के स्वास्थ्य के दृष्टिगत जरूरी भी। डायट द्वारा प्रशिक्षुओं को पेपर सोप वितरित भी किया गया।

इस अवसर पर डायट प्रवक्ता वंदना चौधरी, सरिता चौधरी, डॉ रविनाथ, डॉ गोविन्द, मो इमरान, कल्याण पाण्डेय, कुलदीप चौधरी आदि उपस्थित रहे।

## वार्षिकोत्सव में छा गया बचपन



–भारतीय बस्ती संवाददाता–

बहादुरपुर, (बस्ती)। विकास क्षेत्र बहादुरपुर के भेड़वा में स्थित यशोदा एजुकेशनल एकेडमी में वृहस्पतिवार की शाम संरक्षक ब्लाक प्रमुख अनिल दूबे के मौजूदगी में विद्यालय वार्षिकोत्सव कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान मुख्यातिथि पूर्व विधायक रवि सोनकर व विशिष्ट अतिथि भाजपा नेता दिवाकर मिश्र ने कार्यक्रम का शुभारम्भ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलित कर किया। विद्यालय के छात्र छात्राओं ने मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते हुए देर रात तक चल रहे कार्यक्रम में शमा बांधे रखा। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रबधंक आनन्द दूबे व संचालन राजकिशोर दूबे नें किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक रवि सोनकर ने कहा कि विद्यालय वार्षिकोत्सव कार्यक्रम बच्चों के सर्वांगीण विकास में उपयोगी होते है। वार्षिकोत्सव अभिव्यक्ति का महत्वपूर्ण अवसर है। भाजपा नेता दिवाकर मिश्र ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए विद्यालय परिवार के साथ ही बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

कार्यक्रम में भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिलाध्यक्ष ब्रह्मदेव यादव देव, बालकृष्ण तिवारी पिंटू, सुनील कुमार, प्रमोद पाण्डेय, प्रदीप पाण्डेय आदि ने भी संबोधित करते हुए विद्यालय परिवार द्वारा आयोजित वार्षिकोत्सव की सराहना की।

विद्यालय की छात्रा कशिश, पल्लवी, प्रतिभा, निशा व शिवांगी ने सरस्वती बंदना ष्वीणा के बजईया सातो सुर के..ष से कार्यक्रम का शुभारंभ किया। आंचल व कशिश ने स्वागत गीत ष्आपका स्वागत करते हैं..' प्रस्तुत कर अतिथियों का स्वागत किया। आंचल और अंशिका ने श्रीराम भक्ति गीत ष्मेरे घर राम आये हैं..' प्रस्तुत कर पूरा पंडाल भक्तिमय कर दिया। इसके साथ ही अनामिका, अनुष्का, दीपांजलि, मधु, आरजू, सोनम, विद्या, अदिति, मोनी, सुप्रिया, आयुषी, आरुषि, जया, खुशबू, सारिका, लाडली, अफसाना, खुशी, अनुराग, शिवांश, आयुष, संस्कार, राधा पासवान, काजल, सलोनी व छाया आदि ने लोकगीत, देशभक्ति गीत, किसान गीत, राजस्थानी गीत, मराठी गीत, नाटक, होली गीत, हरियाणी गीत के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम में देर रात तक समा बांधे रखा। मौजूद अभिभावकों व अतिथियों ने बच्चों के कार्यक्रम का देर रात तक आनन्द लिया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से शारदा प्रसाद पाण्डेय, मेवालाल यादव, रोशन अली, रोहित ओझा, सुमन मिश्रा, कृष्ण नारायण द्विवेदी, मनोज दुबे, सुशील दुबे, रामकलप ओझा, अजय ओझा, माता प्रसाद ओझा, रामजतन निषाद, जगवंत चौधरी, राम सुमेर मौर्य, नंदलाल मोर्य, राम सजीवन, प्रभाकर प्रसाद, अनुज शुक्ल, सुनील, आर्यन, काजल वर्मा, शिवानी पासवान, अनिल गुप्ता, मधु वर्मा, शिवांगी, सावित्री, किरन के साथ ही बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे।

"मुझे अखबार निकालने दो तो मै इस बात की परवाह नहीं करता कि कौन धर्म का नियामक है और कौन कानून का निर्माता"–वेडेल फिलिप्स

दैनिक
भारतीय बस्ती
बस्ती 23 मार्च 2024 शनिवार

## सम्पादकीय

# चंदे का धंधा और खैरात पर जिन्दगी

क्या लॉटरी किंग सैंटियागो मार्टिन, चुनावी बांड के सामने आने वाले नाटक में स्पोइलर (बिगाड़ने वाला) की भूमिका निभाएगा? हम इस बारे में और खुलासे का इंतजार कर रहे हैं कि राजनीतिक दलों को उनके भारी–भरकम दान को कहां मंजिल मिली। क्या एस.बी.आई. उन लोगों के साथ खिलवाड़ कर रहा है जो अधिकार में हैं और जानबूझकर बांड पर अद्वितीय अल्फा–न्यूमैरिक कोड नम्बरों के प्रकाशन में देरी कर रहे हैं जो लाभान्वित होने वालों की पहचान करेंगे?

एस.बी.आई. द्वारा ई.सी.आई. को दी गई जानकारी से निश्चित रूप से ज्ञात होता है कि ई.डी. ने 23 सितम्बर 2019 को लॉटरी किंग के परिसर पर छापा मारा था। 5 दिन बाद उन्होंने 190 करोड़ रुपए के चुनावी बांड की पहली खरीदारी की। तब से उनकी कुल खरीदारी 1,368 करोड़ रुपए तक पहुंच गई है। लॉटरी किंग को राजनीतिक दलों को अपना ऋणी क्यों रखना पड़ा? सैंटियागो मार्टिन चुनावी बांड के सबसे बड़े खरीदार हैं। भाजपा चुनावी बांड की सबसे बड़ी लाभार्थी है। इसमें से कितना हिस्सा सैंटियागो माघ्टन द्वारा दान किया गया था और किस इरादे से? उन्होंने जो बांड खरीदे उनमें से सबसे बड़ा हिस्सा द्रमुक के एम.के. स्टालिन को गया। द्रमुक को इससे क्या हासिल होने की उम्मीद थी?

अमित शाह का कहना है कि अर्थव्यवस्था में काले धन से छुटकारा पाने की उनकी पार्टी की इच्छा सुप्रीम कोर्ट के फैसले के कारण अधूरी रह गई है। मतदाताओं को दानदाताओं की पहचान और प्रत्येक दानकर्त्ता द्वारा समध्थत राजनीतिक दल की पहचान जानने का अधिकार है। मैं हैरान हूं। चुनावी बांड इस लक्ष्य को हासिल करने में कैसे मदद करते हैं? यदि कोई राजनीतिक दल अपने घरों की छतों से चिल्लाता है कि वह काले धन को खत्म करना चाहता है और वास्तव में इसके विपरीत एक ऐसी विधि तैयार करता है जो मतदाताओं को दान के स्रोत के बारे में अंधेरे में रखता है तो इसका विरोध होना ही था।

उपनाम मार्टिन, मार्टिन्हो का अंग्रेजी संस्करण है। यह कोई दिया गया नाम भी हो सकता है। पुर्तगालियों ने भारत के पूर्वी तट, बंगाल और तमिलनाडु में कुछ परिवारों का धर्म परिवर्तन कराया। एक बहुत वरिष्ठ तमिल आई.पी.एस. अधिकारी डायस को 70 के दशक में राष्ट्रीय पुलिस अकादमी का निदेशक नियुक्त किया गया था। केरल में पुर्तगालियों द्वारा धर्मांतरित परिवारों की संख्या कहीं अधिक है। उन्हें स्थानीय रूप से 'लैटिन ईसाई' के रूप में जाना जाता है क्योंकि स्थानीय भाषा के प्रचलन से पहले तक सामूहिक प्रार्थना लैटिन में ही की जाती थी। ये सेवाएं केरल के पहले ईसाइयों, जिन्हें सीरियाई ईसाई कहा जाता है, के बीच सिरिएक में हैं।

उनके नाम की उत्पत्ति जो भी हो, 'लॉटरी किंग', जो कोयम्बटूर के रहने वाले हैं और जिन्होंने बर्मा (म्यांमार)में एक मजदूर के रूप में शुरूआत की थी, अब नकदी का धंधा चला रहे हैं। लॉटरी व्यवसाय स्पष्ट रूप से पैसा कमाने वाला व्यवसाय है। भाजपा गेमिंग से होने वाली सारी कमाई को पाप बताता है। घुड़दौड़, जो हजारों नागरिकों को रोजगार देती है, क्लब के टी.ओ.टी.ई. में लगाए गए प्रत्येक दांव पर लगाए गए 28 प्रतिशत जी.एस.टी. के कारण धीरे–धीरे खत्म हो रही है। क्रिकेट मैचों के नतीजों पर सट्टा लगाना अब आदी हो चुके एक जुआरी के लिए आम बात हो गई है। यह धंधा फल–फूल रहा है, हालांकि भारत में ऐसा जुआ पूरी तरह से अवैध है। कुछ शर्तों के साथ यू.के. में सभी प्रकार के खेल आयोजनों पर दांव लगाने की अनुमति है और लाइसैंस भी है।

सरकार द्वारा नियंत्रित भारतीय स्टेट बैंक को किसी भी छूट की अनुमति नहीं देने के लिए भारत के सर्वोच्च न्यायालय की पहल और आदेश सराहनीय है जब बांड पर अद्वितीय अल्फा–न्यूमैरिक कोड नंबर का मिलान उस राजनीतिक दल से किया जाता है, जिसे किसी विशेष दानकर्त्ता की उदारता से लाभ हुआ है, तो काले धन के घटक, जिसके बारे में अमित शाह परेशान हैं, मूल के पीछे के मकसद के साथ–साथ पेपर ट्रेल के माध्यम से पता लगाया जाएगा।

कार्पोरेट घरानों द्वारा राजनीतिक दलों को दिया जाने वाला चंदा एक आवश्यकता है। दरअसल, हर कार्पोरेट घराने को दान देना पड़ता है। नागरिकों के लिए यह बेहतर होगा कि उनके शासक जुए की बुराई के बारे में नैतिकता बताना बंद कर दें और इसे खुले मैदान में आने दें। जो पुलिस कर्मी नियमित रूप से इस 'असामाजिक बुराई' पर अपनी आंखें बंद कर लेते हैं और जो राजनेता अवैध संचालकों से अपना आधा पैसा वसूलते हैं, उन्हें नुकसान होगा, लेकिन लंबे समय में जनता को फायदा होगा। सरकार करों में बढ़ौतरी करेगी। अकेले क्रिकेट सट्टेबाजी के दम पर सरकार मौजूदा लाखों लोगों को 5 किलो चावल या गेहूं से खाना खिलाने में सक्षम होगी, जो सरकार हर महीने देती है। सरकारों द्वारा पेश किए गए आंकड़े बताते हैं कि देश की लगभग 40 प्रतिशत आबादी ऐसी ही खैरात पर जीवनयापन करती है। जाहिर है, अमित शाह और भाजपा के वरिष्ठ नेता चुनावी बांड की यात्रा के बारे में सामने आ रहे खुलासों से नाखुश हैं। उन्हें परेशान होने की जरूरत नहीं है। अधिकांश पढ़े–लिखे लोगों को पहले ही सच्चाई पर संदेह हो गया था। कम पढ़े–लिखे और कम सम्पन्न लोगों को इसकी कोई परवाह नहीं है। वे हमारे प्रधानमंत्री की भाषण शैली और उनकी प्रचार मशीन द्वारा बनाई गई जबरदस्त पंथ छवि के कारण मोदी–भक्त बन गए हैं। यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि चंदे के धंधे को मतदाता किस रूप में लेते हैं।

# अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी से उपजते प्रश्न

– कमलेश पाण्डेय–

आबकारी नीति घोटाले में दिल्ली के मुख्यमंत्री और आप सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार किया जाना सही है या गलत– यह प्रशासनिक और न्यायिक विमर्श का विषय है। लेकिन आम चुनाव 2024 के ठीक पहले और देश में आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू होने के तत्काल बाद जिस तरह से उन्हें गिरफ्तार किया गया, यह भारतीय लोकतंत्र और सियासत के लिए कोई शुभ संकेत नहीं है! मेरा स्पष्ट मानना है कि इस घटनाक्रम से आप पार्टी और इंडी गठबंधन को भारी क्षति के विपरीत काफी लाभ भी हो सकता है, बशर्ते कि पूरे घटनाक्रम का प्रस्तुतीकरण जनमानस में सही तरीके से किया जाए और सत्ता पक्ष को लाभ पहुंचाने की फितरत से हुई इस प्रशासनिक कार्रवाई के विरुद्ध हर गली–कूची के भ्रष्टाचार की फोटो और उसकी आधिकारिक अनदेखी के विरुद्ध पम्फलेट वितरण अभियान शुरू किया जाए।

वहीं, जगह जगह सक्षम माननीय न्यायालय को पत्र भेजकर उसकी प्रतिलिपि सोशल मीडिया पर पोस्ट की जाए और स्थानीय मीडिया को भेजी जाए, ताकि भ्रष्टाचार विरोधी जनजागृति पैदा हो सके। वैसे तो लोकल मीडिया में ऐसे प्रकरण हमेशा प्रकाश में आते रहते हैं, लेकिन उनपर प्रशासनिक खामोशी के खिलाफ



न्यायालय जाने के कम ही मामले प्रकाश में आते हैं। शायद इसलिए कि भ्रष्टाचार के हमाम में कहीं न कहीं हर कोई नँगा है।

अमूमन विपक्षी दल भी ऐसे मामलों में धरना–प्रदर्शन के अलावा ज्यादा दूरदर्शी रवैये नहीं अपनाते, जिसके चलते ठोस कार्रवाई नहीं हो पाती। इससे जनता अक्सर परेशान रहा करती है। इसलिए भ्रष्टाचार का पुरजोर विरोध करना जरूरी है ताकि सत्ता पक्ष के इशारे पर पक्षपात पूर्ण कार्रवाई करने वाले भारतीय प्रशासन को चुनावों में बेनकाब करते हुए जनादेश मांगा जाए। आपको याद होगा कि अरविंद केजरीवाल और आप पार्टी का जन्म यूपीए सरकार के दूसरे कार्यकाल में चले एक भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन की कोख से ही हुआ है। ऐसे में आबकारी नीति घोटाले में आप मुखिया और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी अपने आपमें एक यक्ष प्रश्न है। वह यह कि भारतीय सियासत वह काजल की कोठरी है, जहां से बेदाग निकलना नामुमकिन है। क्योंकि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के पास तो कोई विभाग भी नहीं था, फिर भी वो फंस गए।

इस बात में कोई दो राय नहीं कि भ्रष्टाचार के मामले में भारतीय प्रशासन द्वारा जो पीक एंड चूज कार्रवाई की जाती है, वह भारतीय संवैधानिक व्यवस्था के लिए किसी अभिशाप से कम नहीं है। चाहे न्यायपालिका हो या मीडिया, प्रशासनिक तिकड़म को समझने में प्रायः विफल प्रतीत हुए हैं! रही बात विधायिका की तो प्रशासनिक अधिकारियों को इस तरह की मनमानी करने की छूट देने के लिए सत्ता पक्ष के साथ–साथ विपक्ष भी कम जिम्मेदार नहीं है। क्योंकि जिन कानूनों के आधार पर ऐसी कार्रवाईयां होती आईं हैं, उसे अंतिम रूप तो आखिर संसद या विधान मंडलों में ही दी जाती है।

सच कहूं तो देश में भ्रष्टाचार 'हरि अनंत, हरि कथा अनंता' की तरह सर्वव्यापी है। प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों की समझदारी या मिलीभगत से सही को गलत और गलत को सही ठहराने के बहुतेरे उदाहरण हर किसी को उसके आसपास में ही मिल जाएंगे। बावजूद इसके भ्रष्टाचार रोकने के लिए प्रशासनिक तिकड़म जारी रहती है। उसने अरविंद केजरीवाल को भ्रष्टाचारियों की कतार में खड़ा करके इस बात के संकेत दे दिए हैं कि श्भ्रष्टाचारश को शशिष्टाचारश के इतर तरह तरह से परिभाषित करने का खेल न कभी चला है और न ही चलने दिया जाएगा। इसकी सूची में बलि का बकरा अक्सर राजनेता बनेंगे, जबकि उनसे जुड़े अधिकारियों की भी गिरफ्तारी साथ साथ होनी चाहिए। क्योंकि 'पवित्र पाप' यानी भ्रष्टाचार कोई भी राजनेता अकेला नहीं कर सकता, जब तक कि अधिकारियों का एक सलाहकार वर्ग या जिम्मेदार वर्ग उनसे मिला हुआ न हो।

यह ठीक है कि आप नेता अरविंद केजरीवाल को अब प्रमुख विपक्षी दलों का साथ मिल गया है, जिससे उनकी परेशानी कुछ कम होगी। लेकिन केंद्र में सत्तारूढ़ भाजपा को इससे लेने के देने भी पड़ सकते हैं। क्योंकि अरविंद केजरीवाल का आजतक का इतिहास यही रहा है कि अपने विरुद्ध पैदा किए हुए हर मुद्दे का सियासी लाभ अंततोगत्वा उन्होंने ही उठाया है। इस बार भी वो यही करेंगे! हो सकता है कि दो राज्यों में अपनी सरकार बनाने वाली पहली विपक्षी पार्टी आप, जिसे अब राष्ट्रीय पार्टी का भी दर्जा मिल चुका है, अपने मिशन 2024 के तहत अपना देशव्यापी विस्तार कर ले और अपने सांसदों की संख्या 2 अंकों में लेते आये। यदि ऐसा होता है तो यह उसकी बड़ी उपलब्धि होगी।

आपको पता होना चाहिए कि अरविंद केजरीवाल एकदम हठी राजनेता है। वो गिरफ्तार हो गए, लेकिन त्यागपत्र नहीं दिया। इससे मुख्यमंत्री रहते हुए गिरफ्तार होने वाले वो पहले राजनेता बन गए। आगे भी वो कोई बड़ा गुल अवश्य खिलाएंगे। आप नेता सत्येंद्र जैन, मनीष सिसोदिया, संजय सिंह के बाद अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी से इस बात को बल मिलता है कि श्आपश नेताओं की अग्रिम पंक्ति को ईडी ने लगभग खाली कर दिया। हालांकि, उसकी दूसरी पंक्ति के नेता आपस में कितना सामंजस्य बिठाकर अगली रणनीति बनाएंगे, सारी भावी सफलता इस बात पर ही निर्भर करेगी।–वरिष्ठ पत्रकार व स्तम्भकार

# हिंदी साहित्य में होली के रंग



–डॉ. सौरभ मालवीय–



होली कवियों का प्रिय त्योहार है। यह त्योहार उस समय आता है जब चारों दिशाओं में प्रकृति अपने सौन्दर्य के चरम पर होती है। उपवनों में रंग–बिरंगे पुष्प खिले हुए होते हैं। होली प्रेम का त्योहार माना जाता है, क्योंकि भगवान श्रीकृष्ण और राधा को होली अत्यंत प्रिय थी। भक्त कवियों एवं कवयित्रियों ने होली पर असंख्य रचनाएं लिखी हैं।

कृष्ण भक्त कवि रसखान ने ब्रज की होली पर अत्यंत सुंदर रचनाएं लिखी हैं। इनमें श्रीकृष्ण की राधा के साथ खेली जाने वाली होली प्रमुख है। वे कहते हैं–

मिली खेलत फाग बढयो अनुराग सुराग सनी सुख की रमकै।
कर कुंकुम लै करि कंजमुखि प्रिय के दृग लावन को धमकै।।
रसखानि गुलाल की धुंधर में ब्रजबालन की दुति यौं दमकै।
मनौ सावन सांझ ललाई के मांझ चहुं दिस तें चपला चमकै।।

अर्थात श्रीकृष्ण राधा और गोपियों के साथ होली खेल रहे हैं। इस खेल के साथ–साथ उनमें प्रेम बढ़ रहा है। कमल के पुष्प के समान सुंदर मुख वाली राधा श्रीकृष्ण के मुख पर कुमकुम लगाने की चेष्टा कर रही है। वह गुलाल फेंकने का अवसर खोज रही है। चहुंओर गुलाल ही गुलाल दिखाई दे रहा है। इस गुलाल के कारण ब्रजबालाओं की देहयष्टि इस प्रकार दमक रही है जैसे सावन मास के सायंकाल में सूर्यास्त से लाल हुए आकाश में चारों ओर बिजली चमकती रही हो।

कृष्ण भक्त सूरदास ने भी श्रीकृष्ण और राधा की होली पर असंख्य रचनाएं लिखी हैं। होली उनकी रासलीलाओं में महत्वूर्ण स्थान रखती है। वे कहते हैं–

हहरि संग खेलति है सब फाग।
इहिं मिस करति प्रगट गोपी, उर अंतर कौ अनुराग।।
सारी पहिरि सुरंग, कसि कचुकि, काजर दै दै नैन।
बनि बनि निकसि निकसि भई ठाढ़ी, सुनि माधौ के बैन।।
डफ, बांसुरी रुंज अरु महुअरि, बाजत ताल मृदंग।
अति आनंद मनोहर बानी, गावत उठति तरंग।।
एक कोध गोविंद ग्वाल सब, एक कोध ब्रज नारि।
छांड़ि सकुच सब देति परस्पर, अपनी भाई गारि।।
मिलि दस पांच अली कृष्नहिं, गहि लावतिं अचकाइ।
भरि अरगजा अबीर कनकघट, देति सीस तै नाइ।।
छिरकतिं सखी कुमकुमा केसरि, भुरकतिं बदनधूरि।
सोभित है तन सांझ–समै–घन, आए है मनु पूरि।।
दसहूं दिसा भयौ परिपूरन, 'सूर' सुरंग प्रमोद।
सुर विमान कौतूहल भूले, निरखत स्याम विनोद।

अर्थात श्रीकृष्ण के साथ सब होली खेल रहे हैं। फागुन के रंगों के माध्यम से गोपियां अपने हृदय का प्रेम प्रकट कर रही हैं। वे अति सुन्दर साड़ी एवं चित्ताकर्षक चोली पहन कर तथा आंखों में काजल लगाकर श्रीकृष्ण की पुकार सुनकर होली खेलने के लिए अपने घरों से बाहर आ गईं हैं।

डफ, बांसुरी, रुंज, ढोल एवं मृदंग बजने लगे हैं। सब लोग आनंदित होकर मधुर स्वरों में गा रहे हैं। एक ओर श्रीकृष्ण और ग्वाल बाल डटे हुए हैं तो दूसरी ओर समस्त ब्रज की महिलाएं संकोच छोड़कर एक दूसरे को मीठी गालियां दे रहे हैं तथा छेड़छाड़ चल रही है। अकस्मात कुछ सखियां मिलकर श्रीकृष्ण को घेर लेती हैं और स्वर्णघट में भरा सुगंधित रंग उनके सिर पर उंडेल देती हैं। कुछ सखियां उन पर कुमकुम केसर छिडक देती हैं। इस प्रकार ऊपर से नीचे तक रंग, अबीर गुलाल से रंगे हुए श्रीकृष्ण ऐसे लग रहे हैं जैसे सांझ के समय आकाश में बादल छा गए हों। फाग के रंगों से दसों दिशाएं परिपूर्ण हो गई हैं। आकाश से देवतागण अपना विचरण भूलकर श्याम सुन्दर का फाग विनोद देखने के लिए रुक गए हैं तथा आनंदित हो रहे हैं।

मीराबाई श्रीकृष्ण को अपना स्वामी मानती थीं। उन्होंने होली और श्रीकृष्ण के बारे में अनेक रचनाएं लिखी हैं। उनकी रचनाओं में आध्यात्मिक संदेश भी मिलता है। वे कहती हैं–

फागुन के दिन चार होली खेल मना रे।।
बिन करताल पखावज बाजै अणहदकी झणकार रे।
बिन सुर राग छतीसूं गावै रोम रोम रणकार रे।।
सील संतोखकी केसर घोली प्रेम प्रीत पिचकार रे।
उड़त गुलाल लाल भयो अंबर, बरसत रंग अपार रे।।
घटके सब पट खोल दिये हैं लोकलाज सब डार रे।
मीरा के प्रभु गिरधर नागर चरणकंवल बलिहार रे।।

इस पद में मीराबाई ने होली एवं फागुन के माध्यम से समाधि का उल्लेख किया है। वे कहती हैं कि फागुन मास में होली खेलने के चार दिन ही होते हैं अर्थात बहुत अल्प समय होता है। इसलिए मन होली खेल ले अर्थात श्रीकृष्ण से प्रेम कर ले। करताल एवं पखावाज के बिना ही अनहद की झंकार हो रही है। मेरा मन बिना सुर एवं राग के आलाप कर रहा है। इस प्रकार रोम–रोम श्रीकृष्ण के प्रेम में लीन है। मैंने अपने प्रिय से होली खेलने के लिए शील एवं संतोष रूपी केसर का रंग घोल लिया है। मेरा प्रिय प्रेम ही मेरी पिचकारी है। गुलाल के उड़ने के कारण संपूर्ण आकाश लाल हो गया है। मैंने अपने हृदय के द्वार खोल दिए हैं, क्योंकि अब मुझे लोक लाज का कोई तनिक भी भय नहीं है। मेरे स्वामी गोवर्धन पर्वत को अपनी अंगुली पर उठाने वाले भगवान श्रीकृष्ण हैं। मैंने उनके चरणों में अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया है।

श्रृंगार रस के विख्यात कवि बिहारीलाल को भी होली का त्योहार बहुत प्रिय था। उन्होंने भी होली को लेकर अनेक रचनाएं लिखी हैं। वे कहते हैं–

उड़ि गुलाल घूंघर भई तनि रह्यो लाल बितान।
चौरी चारु निकुंजनमें ब्याह फाग सुखदान।।
फूलन के सिर सेहरा, फाग रंग रंगे बेस।
भांवरहीमें दौड़ते, लै गति सुलभ सुदेस।।
भीण्यो केसर रंगसूं लगे अरुन पट पीत।
डालै चांचा चौकमें गहि बहियां दोउ मीत।।
रच्यौ रंगीली रैनमें, होरीके बिच ब्याह।
बनी बिहारन रसमयी रसिक बिहारी नाह।।

रीतिकालीन कवि पद्माकर ने भी होली का बहुत ही सुन्दर वर्णन किया है। उन्होंने श्रीकृष्ण की राधा और गोपियों के साथ होली खेलने को लेकर अनेक सुन्दर रचनाएं लिखी हैं। वे कहते हैं–

फागु की भीर, अभीरिन ने गहि गोविंद लै गई भीतर गोरी
भाय करी मन की पद्माकर उपर नाई अबीर की झोरी
छीने पीतांबर कम्मर तें सु बिदा कई दई मीड़ि कपोलन रोरी।
नैन नचाय कही मुसकाय श्शलला फिर आइयो खेलन होरी।

अर्थात श्रीकृष्ण गोपियों के साथ होली खेल रहे हैं। पद्माकर कहते हैं कि राधा होली खेल रही भीड़ में से श्रीकृष्ण का हाथ पकड़कर भीतर ले जाती है। फिर वह अपने मन की करते हुए श्रीकृष्ण पर अबीर की झोली उलट देती है तथा उनकी कमर से पीतांबर छीन लेती है। वह श्रीकृष्ण को यूं ही नहीं छोड़ती, अपितु जाते हुए उनके गालों पर गुलाल लगाती है। वह उन्हें निहारते एवं मुस्कराते हुए कहती है कि लला फिर से आना होली खेलने।

हिन्दी कविता के छायावादी युग के चार प्रमुख स्तंभों में से एक माने जाने वाले सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला' भी होली के रंगों से अछूते नहीं रहे। उन्होंने भी होली के रंगीले त्योहार पर कई कविताएं लिखी हैं। वे कहते हैं–

होली है भाई होली है
मौज मस्ती की होली है
रंगो से भरा ये त्यौहार
बच्चो की टोली रंग लगाने आयी है
बुरा ना मानो होली है

राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त ने भी होली पर बहुत सी कविताएं लिखी हैं। वे खड़ी बोली के प्रथम कवि माने जाते हैं। उनकी होली की कविताएं बहुत ही सुन्दर एवं लुभावनी हैं। वे कहते हैं–

जो कुछ होनी थी, सब होली
धूल उड़ी या रंग उड़ा है
हाथ रही अब कोरी झोली
आंखों में सरसों फूली है
सजी टेसुओं की है टोली
पीली पड़ी अपत, भारत–भू,
फिर भी नहीं तनिक तू डोली

उत्तर छायावाद काल के प्रमुख कवि हरिवंश राय बच्चन की होली पर लिखी कविताएं बहुत ही सुन्दर हैं। इनमें प्रेम एवं विरह आदि के अनेक रंग हैं। वे कहते हैं–

तुम अपने रंग में रंग लो तो होली है
देखी मैंने बहुत दिनों तक
दुनिया की रंगीनी
किंतु रही कोरी की कोरी
मेरी चादर झीनी
तन के तार छूए बहुतों ने
मन का तार न भीगा
तुम अपने रंग में रंग लो तो होली है

लेखक– एसोसिएट प्रोफेसर ,लखनऊ विश्वविद्यालय– लखनऊ

# युवा वोटर तय करेंगे चुनाव की दिशा



–डॉ. ओ.पी. त्रिपाठी–

चुनाव लोकतंत्र का सबसे बड़ा उत्सव होता है और इस उत्सव के केंद्र में मतदाता रहते हैं। यह सुखद है कि आज जब देश अट्ठारहवें लोकसभा चुनावों के निकट खड़ा है, तब देश में युवा एवं नए मतदाताओं की बड़ी संख्या मतदान के माध्यम से देश का भविष्य लिखने के लिए तैयार है। बीते कुछ वर्षों के दौरान राजनीतिक विषयों में युवाओं की अभिरुचि बढ़ी है तथा लोकतंत्र में अपनी भागीदारी के प्रति वे अधिक सजग व सक्रिय हुए हैं। युवाओं की बढ़ती भागीदारी भारतीय लोकतंत्र के लिए एक सकारात्मक संकेत है।

देश के करीब साढ़े सात करोड़ युवा मतदाता लोकसभा चुनाव में भाग्य विधाता की भूमिका में होंगे। यह भी सच है कि युवा जिसके साथ होते हैं, सरकार उसकी होती है। सियासी दल इसको बखूबी जानते हैं, इसलिए युवाओं को लुभाने के लिए हर जतन करते दिख रहे हैं। युवाओं के मुद्दे पर वार–पलटवार हो रहे हैं। पर, गैजेट्स और इंटरनेट से लैस युवा वर्ग सबको खामोशी से परख रहा है। उनके दावों को तौल रहा है। 96.8 करोड़ कुल मतदाता हैं देश में। 21.5 करोड़ मतदाताओं की उम्र 29 साल से कम है।

देश में युवा मतदाताओं की संख्या में लगातार वृद्धि हुई है। गत दिनों चुनाव आयोग द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार नवीनतम मतदाता सूची में 18–19 आयु वर्ग के 1.89 करोड़ मतदाताओं को पहली बार जोड़ा गया है। यह 2019 में जोड़े गए 18–19 वर्ष के मतदाताओं से 22.7 प्रतिशत अधिक है। 2024 की अंतिम सूची के अनुसार 20–29 आयु वर्ग के मतदाताओं की कुल संख्या 19.7 करोड़ से अधिक है।

भारत की लगभग 70: आबादी की उम्र 65 साल से कम है। वहीं इनमें 15 से 20 के आयु वर्ग में लगभग 25 करोड़ आबादी के साथ भारत इस समय विश्व का सबसे युवा देश बन चुका है। ऐसे में आज जब देश के चुनावों में युवा मतदाताओं की भागीदारी बढ़ रही है, तो इससे न केवल भारत के स्वर्णिम भविष्य के प्रति आशावान हुआ जा सकता है, अपितु भारतीय लोकतंत्र के लिए भी इसे एक शुभ संकेत के रूप में देखा जा सकता है।

आज के युवा मस्तिष्क की विशेषता यह है कि वो प्रायः विभिन्न पूर्वाग्रहों, संकीर्णताओं और उलझनों से मुक्त होता है। कोई भी निर्णय लेने में उसकी एक स्पष्ट दृष्टि होती है। इस कारण युवा मतदाता जब मतदान केंद्र में जाता है, तो वह जाति–क्षेत्र–भाषा आदि की संकीर्णता को छोड़ राष्ट्रीय हितों का विचार करते हुए मत डालता है।

बीते लोकसभा चुनावों में युवा मतदाताओं की सक्रियता ने देश की राजनीति में बड़े परिवर्तन को आकार देने का कार्य किया। सोच–समझकर मतदान करने और एक सही सरकार चुनने से क्या कुछ हो सकता है, यह बीते दस वर्षों में देश देख चुका है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीते एक दशक में, दो लोकसभा चुनावों से गुजरते हुए, देश ने यदि बहुमुखी विकास के अनेक सोपानों को स्पर्श किया है, तो इसमें युवा मतदाताओं की भूमिका बहुत बड़ी है।भारत के घर–घर में राजनीति पर बातचीत नई नहीं है। लेकिन जो बदलाव आज के राजनीतिक परिदृश्य में हुआ है, उसमें न सिर्फ उम्रदराज लोग, बल्कि युवा और महिलाएं भी समान रूप से भागीदार बन रहे हैं। भारतीय लोकतंत्र एक जटिल संरचना है। एक महत्वपूर्ण तत्व जो आज ज्यादा महत्व और मान्यता की मांग कर रहा है, वह है देश के युवाओं की राजनीति में सक्रिय भागीदारी। आज भारत की राजनीतिक परिदृश्य जबरदस्त कायापलट के दौर से गुजर रही है। दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र में आज कई युवा नेता हैं जो युवा नेतृत्व की भूमिका निभा रहे हैं। आज जब सरकार युवाओं को राजनीति की बागडोर संभालने के लिए प्रेरित कर रहे हैं, तो यह और भी जरूरी है कि हम ये जानें, समझें और परखें कि युवा क्या चाहते हैं।

भारतीय राजनीति में युवाओं का उभार महज एक चलन नहीं, बल्कि आज एक जरूरत बन चुका है। आज युवाओं की अपनी समस्याएं और अपनी चुनौतियाँ हैं। वैश्विक स्तर पर इन्हें समझने और हल करने के लिए ही नहीं, नेतृत्व में भी युवाओं का होना जरूरी है। लोकनीति–सीएसडीएस अध्ययनों के अनुसार, युवा वोट, जो 2009 में 58 प्रतिशत से बढ़कर 2014 में 68 प्रतिशत हो गया, औसत मतदान प्रतिशत से भी अधिक था। इसका असर भारतीय जनता पार्टी की जीत और कांग्रेस की हार के साथ भी जुड़ा था। युवाओं का एक–एक वोट अगली सरकार ही नहीं, सरकार के दायित्व को तय करने में भी अहम भूमिका निभा सकती है। आने वाले लोक सभा चुनावों के मद्देनजर फेमिनिजम इन इंडिया ने अलग–अलग राज्यों के 'फर्स्ट टाइम वोटर्स' से उनकी राजनीतिक जागरूकता और सरकार से उनकी उम्मीदें जानने की कोशिश की। युवा मतदाताओं के प्रमुख मुद्दों में कम लागत में उच्च शिक्षा की सुविधाएं। शोध एवं नवाचार के लिए सरकारी मदद और प्रोत्साहन। उद्यमिता के लिए कर्ज की उपलब्धता प्रमुख हैं।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बीती 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर एक कार्यक्रम में कहा कि, 18 से 25 वर्ष की आयु ऐसी होती है जब किसी का भी जीवन बहुत से बदलावों का साक्षी बनता है।

# महिला का अर्द्धनग्न शव मिला दुष्कर्म के बाद हत्या की आशंका



**संवाददाता–कुशीनगर।** तुर्कपट्टी थाना क्षेत्र के एक गांव के तालाब के समीप शुक्रवार की सुबह एक महिला का अर्द्धनग्न हालत में शव मिला। शव के पास से शराब और एनर्जी ड्रिंक की बोतलें, कुछ कपड़े आदि भी मिले हैं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटनास्थल और शव की स्थिति देखकर प्रत्यक्षदर्शी दुष्कर्म के बाद हत्या की आशंका जता रहे हैं। पुलिस के साथ फॉरेंसिक टीम पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है।

थाना क्षेत्र के ही एक गांव में महिला की शादी करीब 21 साल पूर्व हुई थी। मृतक महिला के दो बेटे हैं। पति–पत्नी में पारिवारिक कलह के कारण महिला बीते 12 साल से अपने मायके रहती थी। परिजनों के अनुसार गुरुवार की शाम पांच बजे मृतका अपने घर से कहीं जाने के लिए निकली। काफी समय तक मृतका के घर वापस नहीं आने पर भाई की पत्नी ने उसके मोबाइल पर फोन किया, लेकिन मोबाइल व्यस्त रहने के कारण बात नहीं हो गई। रात करीब 10 बजे मृतक महिला का मोबाइल स्वीच ऑफ हो गया। शुक्रवार की सुबह करीब 6 बजे गांव में मंदिर के पास स्थित तालाब पर जब मालिक पहुंचा तो वहां गेहूं के खेत के पास महिला का शव देखकर उसने शोर मचाया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव और घटनास्थल की स्थिति देख फॉरेंसिक टीम को इसकी सूचना देकर मौके पर बुला लिया। फॉरेंसिक टीम ने मृतका के शव के पास से शराब व एनर्जी ड्रिंक की बोतलें, कुछ कपड़े आदि को बरामद किया। मृतका के गले, गाल, हाथ व कुछ अन्य अंगों पर चोट के निशान भी पाए गए हैं। इससे दुष्कर्म या दुष्कर्म के प्रयास के बाद हत्या की आशंका जताई जा रही है। सीओ अभिषेक कुमार अजेय ने बताया कि फॉरेंसिक टीम अपना काम कर रही है। पुलिस भी कई बिंदुओं पर जांच कर कार्रवाई में जुटी हुई है। एसओ अनिल सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में स्थिति स्पष्ट हो जाएगी। परिजनों द्वारा अब तक इस मामले में कोई तहरीर नहीं दी गई है।

## कानून की जानकारी देकर मतदान प्रतिशत बढ़ाने की अपील

**संवाददाता–बलरामपुर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में ब्लॉक कौवापुर परिसर में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर कार्यक्रम में नायब तहसीलदार अजय सिंह ने साक्षरता एवं जागरूकता के बारे में विभिन्न बिंदुओं पर जानकारी दी। साथ ही मतदान के प्रति लोगों को शपथ भी दिलाया गया। जागरूकता शिविर कार्यक्रम में नायब तहसीलदार अजय सिंह ने बताया कि बिना साक्षरता से गांव में घरेलू हिंसा बढ़ती हैं। इसके लिए जागरूकता की आवश्यकता है। तमाम समस्याओं का समाधान आपसी तालमेल से हो जाता है। जिससे लोगों को कोर्ट कचहरी का चक्कर नहीं लगाना पड़ता। इसके लिए साक्षरता की आवश्यकता बेहत महत्वपूर्ण होती है। इसी तरह मतदान जागरूकता को लेकर बताया कि मतदान का प्रयोग कर स्वस्थ एवं स्वच्छ छवि के सरकार का गठन किया जा सकता है। मतदान करना सभी का मूल कर्तव्य है। तमाम ऐसी चीजे हैं जो बिना जागरूकता के नहीं की जा सकती। इसीलिए मतदान के प्रति लोगों का जागरूक होना जरूरी है। विकासखंड अधिकारी राजीव मोहन त्रिपाठी ने बताया कि गांव–गांव में भी साक्षरता एवं जागरूकता अभियान आयोजित किया जाएगा। जिससे लोगों को तमाम बिंदु की जानकारी मिलेगी।

# संदिग्ध परिस्थितियों में नवविवाहिता की मौत



**संवाददाता–कुशीनगर।** कुशीनगर। चौराखास थाना क्षेत्र के भानपुर निवासी एक नवविवाहिता की गुरुवार की देर रात संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। घटना की जानकारी होने पर मौके पर पहुंचे मायके वालों ने दहेज हत्या का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। इस मामले में तहरीर के आधार पर पुलिस ने पति समेत चार के खिलाफ दहेज हत्या का केस दर्ज कर लिया है। चौराखास थाना क्षेत्र के भानपुर निवासी बलियवा के टोला मुसहरी निवासी मोहर्रम अंसारी ने अपने पुत्री रूबीना उम्र 22 वर्ष की शादी दो वर्ष पूर्व अपने ही थाना क्षेत्र के भानपुर निवासी सलाकत अंसारी के पुत्र आजाद अंसारी से अपनी क्षमता अनुरूप दान दहेज देकर किया था। गुरुवार की रात किसी ने उन्हें यह सूचना दी कि उनकी बेटी रूबीना की मौत हो गई। सूचना पर जब वह अपने बेटी के घर पहुंचे तो उसकी बेटी का शव फंदे से लटकता मिला और घर के सभी सदस्य घर छोड़कर फरार हो गए थे। इसके बाद उन्होंने इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस को दिए तहरीर में मृतका के पिता ने बताया कि शादी के कुछ दिन बाद ही ससुरालवाले दहेज के लिए बेटी को प्रताड़ित करना शुरू कर दिए। बेटी को बार–बार समझाता रहा कि धीरे–धीरे सामान्य हो जायेगा, लेकिन इन लोगों ने मेरी बेटी की हत्या कर दी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने पति, सास, ससुर व ननद पर दहेज हत्या का मुकदमा पंजीकृत कर लिया है। एसओ चंद्रभूषण प्रजापति ने बताया कि तहरीर के आधार पर चार लोगों के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कर आरोपियों के गिरफ्तारी का प्रयास किया जा रहा है।

# मतदान बढ़ाने को भेजी जाएगी मनुहार पाती

**संवाददाता–गोण्डा।** लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने लिए लोगों को जागरूक करने के लिए शुक्रवार को डीईओध्डीएम नेहा शर्मा ने अफसरों से चर्चा की। डीएम ने स्वीप कैलेंडर के बारे में बताया कि जिले में एक अप्रैल से 15 मई तक विभिन्न रोचक कार्यक्रमों के माध्यम से मतदाताओं को जागरुक कर पोलिंग बूथ तक पहुंचाया का प्रयास किया जायेगा।

जिला निर्वाचन अधिकारी के मुताबिक इसकी शुरुआत 30 मार्च को जिलास्तर पर स्वीप वॉक्थान के जरिए की जाएगी। इसमें लोग दौड़ लगाकर मतदान के प्रति जागरूक करेंगे। वहीं 1 अप्रैल से 15 मई तक निरंतर अलग–अलग तरह के कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। अभियान में ईएलसी की कार्यशाला, मतदाता जागरूकता चौपाल, चुनावी पाठशाला, चौकीदार की दस्तक, हस्ताक्षर अभियान, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों व युवक मंगल दल को टीम घर–घर जाकर मतदाता जागरूकता, दूध और बेकरी के उत्पादों पर मतदान संदेश को प्रकाशन सहित कई अभियान चलाए जाएंगे। डीएम ने कहा कि विश्व स्वास्थ्य दिवस, पंचायती राज दिवस, श्रमिक दिवस व अन्य विशिष्ट दिवसों पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सभी विभाग इसमें अपना पूर्ण सहयोग करें। लोगों को मतदान करने के लिए जागरूक करें। बीते चुनावों में जिन बूथों पर मतदान प्रतिशत 50: से कम रहा है वहां पर विशेष अभियान चलाया जाएगा। इस दौरान सीडीओ एम. अरुणमौली, उप जिला निर्वाचन अधिकारीध्एडीएम चंद्रशेखर, सीआरओ महेश कुमार, डीआईओएस राकेश कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# खिताबी जीत पर खिलाड़ी गदगद, डीएम ने किया सम्मानित

**संवाददाता–श्रावस्ती।** 50वीं यूपी स्टेट सीनियर पुरुष–महिला खो–खो चौम्पियनशिप 18 से 20 मार्च 2024 को अयोध्या में आयोजित किया गया। जिसमें स्पोर्ट्स स्टेडियम श्रावस्ती से पुरुष–महिला दोनों टीमों ने प्रतिभाग किया और अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। पुरुष विजेता श्रावस्ती की टीम को जिलाधिकारी कृतिका शर्मा ने अपने कक्ष में सम्मानित किया। जिलाधिकारी ने खिलाड़ियों एवं खो–खो प्रशिक्षक जगेसर सैनी के काम की प्रशंसा की।

जिला क्रीडाधिकारी शिवकुमार यादव ने बताया कि खो खो प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग में मोहम्मद आलम टीम कैप्टन, मोहम्मद आलम, मुकेश कुमार, सुफियान अली, अनिकेत, मोहम्मद शान, अमीर खां, इरशाद अली, हरीश कुमार, शुभम चौधरी, मोहम्मद कलीम खां, अरविंद कुमार यादव, समीम खान ने प्रतिभाग किया। वहीं महिला वर्ग में कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय हरिहरपुररानी से रेनू यादव, संजना यादव, साबरीन बानो, सिमरन जहां, महिमा आर्या, रिया राना, सोहाना बेगम, गायत्री देवी, हेमा शर्मा, संगीता, नुजहत फातिमा, लक्ष्मी देवी, अन्नू वर्मा ने प्रतिभाग किया।

महिला टीम ने प्री–क्वार्टर मैच में जौनपुर को 10–06 से हराकर प्रतियोगिता का शानदार आगाज किया। वहीं बालकों ने प्री–क्वार्टर मैच में गाजीपुर की टीम को एकतरफा हराते हुए 20–06 से मैच अपने नाम किया। दूसरा मैच क्वार्टर फाइनल प्रयागराज से हुआ। जिसमें दोनों टीमों ने सबसे बेहतरीन प्रदर्शन किया, परन्तु श्रावस्ती की टीम ने मैच को 01 प्वाइंट से जीतते हुए सेमीफाइनल में अपनी जगह बनायी। सेमीफाइनल मैच बनारस से हुआ, जिसमें श्रावस्ती की टीम 18–10 से विजयी रहीं और फाइनल में अपनी जगह बना ली। जबकि फाइनल मैच बलिया और श्रावस्ती के बीच खेला गया। जिसमें श्रावस्ती की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए बलिया को 22–10 से हराते हुए 50वीं सीनियर यूपी स्टेट खो–खो चौम्पियनशिप का खिताब अपने नाम किया। इस सम्मान समारोह में खो–खो कोच जगेसर सैनी, प्रधानाचार्या कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय हरिहरपुररानी कैसरजहां, अध्यापिका राधा, कबड्डी प्रशिक्षक जितेन्द्र यादव, कनिष्ट सहायक विकास गिरी, खेल प्रशिक्षक अलक्षेन्द्र इण्टर कालेज आशीष कुमार सहित मौजूद रहे।

# बच्चों की मनमोहक प्रस्तुति के कायल हुए अभिभावक

**संवाददाता–बलरामपुर।** गीता पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बच्चों ने विभिन्न मनमोहक प्रस्तुति कर अपनी उत्कृष्ट प्रतिभा को प्रदर्शित किया। समारोह के मुख्य अतिथि सदर विधायक पल्टूराम एवं विशिष्ट अतिथि उत्तर प्रदेश वित्तविहीन विद्यालय प्रबंधक संघ प्रांतीय संरक्षक राजकुमार जायसवाल व जेएसपी मिश्रा रहे।

मुख्य अतिथि ने कहा कि बच्चों की बुनियादी शिक्षा मजबूत होगी तबी आगे की शिक्षा को मजबूती मिलेगी। विशिष्ट अतिथि ने कहा कि गीता पब्लिक स्कूल के बच्चों की मनमोहक प्रस्तुति निश्चित तौर पर विद्यालय के प्रतिभावान शिक्षकों की देन है। नेशनल पब्लिक स्कूल की प्रबंधक डा. पम्मी पांडेय ने कहा कोई भी इमारत तभी मजबूत होती है जब उसकी बुनियाद मजबूत होगी। ऐसे में बच्चों की बुनियादी शिक्षा को मजबूती देना जरूरी है। बच्चों ने नमो नमो शंकरा, यह देश है वीर जवानों का, संदेशे आते हैं, सरस्वती वंदना व स्वागत गीत के साथ मनमोहक प्रस्तुति कर अपनी प्रतिभा को परिभाषित किया। कक्षा दो एवं तीन के बच्चों ने सामूहिक रूप से दहेज प्रथा, मतदाता जागरूकता, मतदान के बल पर अच्छे नेता का चुनाव, बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ, बेटी शिक्षा स्वास्थ्य सुरक्षा, घरेलू हिंसा आदि पर मनमोहन नाटक का मंचन कर उपस्थित अभिभावकों के समूह को भावुक कर दिया। विद्यालय प्रबंधक विपुल श्रीवास्तव ने अतिथियों को बैच लगाकर व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में सहयोगी के रूप में श्रेयांश श्रीवास्तव, शैलेंद्र प्रताप सिंह, आरडी, विजय कुमार, अमित कुमार, आनंद, हरिशंकर, सारिका, माया, काजल, हिना, शायना, नगमा, शमा आदि का विशेष योगदान रहा।

# राशन न मिलने से कोटेदारों व कार्ड धारकों में हो रही नोकझोंक

**संवाददाता–बलरामपुर।** ई वीइंग मशीनों का सर्वर डाउन होने के चलते खाद्यान्न वितरण का कार्य प्रभावित होता जा रहा है। इस दौरान आए दिन कोटेदारों व राशन कार्ड धारकों में सर्वर डाउन होने से झड़प होती रहती है। तहसील क्षेत्र में लगभग एक लाख छह हजार 353 कार्ड धारकों में से अभी मात्र 30 प्रतिशत लोगों को ही राशन मिल सका है। पूरा दिन लाइन लगाने के बावजूद कार्ड धारकों को बैरंग लाटना पड़ रहा है। जिसको लेकर कार्ड धारकों में खासा आक्रोश है। राशन में देरी व होली त्योहार को देखते हुए कार्ड धारक परेशान हो रहे हैं। तहसील के विकास खंड उतरौला में 65, श्रीदत्तगंज में 70, रेहरा 83, गैंड़ास बुजुर्ग 42, नगर क्षेत्र में11 समेत चार विकास खंडों में 271 सरकारी सस्ते गल्ले की दुकान है। 15 मार्च से दुकानों पर खाद्यान्न वितरण शुरू हो गया है। पात्र गृहस्थी के करीब पांच लाख 85 हजार 251 उपभोक्ताओं को कोटेदारों द्वारा आगामी 29 मार्च तक वितरण करना है। आपूर्ति विभाग की ओर से कोटेदारों के ई–पास मशीनें लगवाई गई हैं। लेकिन सर्वर न होने के चलते मशीनों का संचालन नही हो पा रहा है। सुबह होते ही कोटे की दुकानों पर राशन कार्ड धारकों की लाइन लग जाती है। देर शाम तक लाइन लगाकर कार्ड धारक नेटवर्क आने का इंतजार करते रहते हैं। पूरा दिन नेटवर्क न आने से उन्हें बैरंग वापस लौटना पड़ रहा है। पूरे दिन लाइन में लगे रहने के बाद महज 20 से 25 कार्ड धारकों को ही राशन मिल पाता है, शेष कार्ड धारकों निराश होकर लौट जाना पड़ रहा है। नई व्यवस्था का दंश क्षेत्र के हर कोने में राशन कार्ड धारक झेल रहे हैं। उतरौला कस्बा निवासनी मोहरमा ने बताया कि पूरा दिन इंतजार करने के बाद नेटवर्क आया तो महज चार से पांच कार्ड धारकों को ही राशन मिल सका। जिसके बाद फिर से नेटवर्क चला गया। बरमभारी निवासी राम हेत ने कहा कि नेटवर्क न होने के चलते उन्हें बैरंग वापस लौटना पड़ा। ग्राम पंचायत बनकटवा, मझौव्वा कुरथुवा व भैरमपुर में भी नेटवर्क की समस्या बनी रहती है। सुबह से बैठी महिलाओं अन्य कार्ड धारकों को कोटेदारों द्वारा यह कहकर वापस भेज दिया जाता है कि जब नेटवर्क आएगा तो फोन करके सबको बुलाया जाएगा। इस सम्बन्ध में क्षेत्रीय आपूर्ति निरीक्षक मनमथ नाथ गुप्ता ने बताया कि कुछ दुकानों पर नेटवर्क समस्या की शिकायतें मिली हैं। जल्द ही व्यवस्था दुरुस्त कराई जाएगी। जिले में सरकारी खाद्यान्न वितरण में घटतौली व कालाबाजारी पर रोक लगाने के लिए इस बार ई–वीइंग मशीन से राशन वितरण शुरू किया गया। एक सप्ताह से सर्वर डाउन होने एवं अन्य तकनीकी समस्याओं के कारण लाभार्थियों को बिना राशन के ही कोटे की दुकानों से बैरंग लौटना पड़ रहा है। जिले में 874 के सापेक्ष मात्र 610 मशीनें ही संचालित हो सकीं। शेष 264 मशीनों के संचालित न होने से लगभग ढाई लाख लोगों को अब तक खाद्यान्न नहीं मिल सका है। विभाग की मानें तो सम्बन्धित कंपनी के इंजीनियर मशीनों को ठीक करने में जुटे हुए हैं। समस्या दूर होते ही सभी स्थानों पर खाद्यान्न वितरण शुरू हो जाएगा।

## रमजान के दूसरे जुमा पर रोजेदारों ने मांगी दुआ

**संवाददाता–गोण्डा।** रमजान के दूसरे जुमा पर रोजेदारों ने मस्जिदों और घरों में नमाज अदा कर दुआ की। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक ने सजदे में सिर झुकाया। शहर व ग्रामीण क्षेत्र में काफी संख्या में मुस्लिम समाज के लोगों ने मुल्क की सलामती, तरक्की और खुशहाली की दुआ की। शहर के चौक मस्जिद में नमाज से पहले मौलाना अजीमुल्लाह कासमी ने रमजान की फजीलत बयान की। उन्होंने कहा रोजे में भूखे–प्यासे रहने के साथ ही जुबान और शरीर के हर हिस्से की भागीदारी होती है। रोजा रखकर अच्छा और गलत काम करने का सीधा असर रोजे पर पड़ता है। रोजेदार की दुआ हर हाल में कुबूल होती है। इस्लाम में रोजे का असल मकसद सिर्फ भूखे–प्यासे रहना ही नहीं है। इसके साथ अपने जुबान, हाथ, पांव, आंख, दिमाग और शरीर के हर हिस्से का भी रोजा होता है। बताया रोजा सबसे अफजल इबादतों में शामिल है। रोजेदार की दुआ कभी भी जाया नहीं होती है। भूखे प्यासे रहने के साथ ही लोगों की मदद और भलाई करना ही रोजे का असल मकसद है। उधर, शिया जामा मस्जिद के इमाम–ए–जुमा मौलाना मुंतशिर हुसैन ने जुमें की नमाज के दौरान खिताब करते हुए कहा कि अल्लाह, ईश्वर का शुकराना अदा करते हुए आज हम रमजान उल मुबारक का इस्तकबाल कर रहे हैं। सबको इसके हुकूक को पहचान कर उन्हें हर कीमत पर अदा करना है। इस मुबारक महीने का सबसे पहला हक यह है कि हम इस महीने की ताजीम व एहतराम का पूरा ख्याल रखें।

## पुलिस व बीएसएफ जवानों ने क्षेत्र का भ्रमण किया

**संवाददाता–श्रावस्ती।** गिलौला थाने के प्रभारी निरीक्षक अश्वनी कुमार दूबे ने पुलिस व बीएसएफ की संयुक्त टीम के साथ शुक्रवार को क्षेत्र के कोलाभार में फ्लैग मार्च किया। इस दौरान उन्होंने क्रिटिकल व वेनरेबल मतदान केन्द्रों का भ्रमण कर जायजा लिया। ग्रामीणों से बातचीत कर सुरक्षा का भरोसा दिलाया। कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर पुलिस सतर्क है। सभी लोग बिना किसी भय के शत प्रतिशत मतदान करें। यदि कोई लालच देकर या डरा कर अपने पक्ष में मतदान कराने की कोशिश करे तो पुलिस को सूचित करें। मतदात आपका अधिकार है और मतदान के दिन निर्भीक होकर शत प्रतिशत मतदान करें।

# डीजे पर नहीं बजेंगे अश्लील गानें, होगी कार्रवाई

**संवाददाता–श्रावस्ती।** 25 मार्च को रंगो का त्योहर होली मनाई जाएगी। जिसको लेकर पुलिस महकमा अलर्ट हो गया और सुरक्षा के कड़े बन्दोबस्त किए जा रहे हैं। सुरक्षा को लेकर जिले को आठ जोन व 33 सेक्टरों में बांटा गया है और अधिकारियों को सुरक्षा की जिम्मेदारी सौंपी गई है। उन्होंने कहा कि डीजे पर अश्लील गाने नहीं बजेंगे। पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया ने बताया कि 25 मार्च को होली है और होली की पूर्व संध्या यानि 24 मार्च को होलिका दहन होगा। होलिका दहन के बाद से ही लोग एक दूसरे पर रंग डालकर खुशियां मनाना प्रारम्भ कर देते हैं। होली के दिन तथा उसके बाद भी हिन्दू संप्रदाय के लोगों की ओर से जुलूस, शोभायात्रा निकाली जाती है। शरारती तत्व तथा दूसरे संप्रदाय के लोगों अथवा उनके धार्मिक स्थलों पर रंग आदि फेंकने की सांप्रदायिक तनाव की स्थिति उत्पन्न न हो इसके लिए सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए गए हैं। उन्होंने बताया कि जिले को तीन सुपर जोन, आठ जोन व 33 सेक्टरों में विभाजित किया गया है। सुपर जोन के प्रभारी उपजिलाधिकारी व क्षेत्राधिकारी स्तर के अधिकारी होंगे। संवेदनशील व अतिसंवेदनशील स्थलों पर पीआरवी 112 के वाहन निरंतर भ्रमणशील रहेंगे तथा अतिसंवेदनशील व भीड़भाड़ वाले इलाकों में ड्रोन कैमरों से निगरानी रखी जाएगी। उन्होंने बताया कि सभी होलिका दहन स्थलों का भौतिक सत्यापन कर लिया गया है तथा विवादित स्थलों का प्रशासन से समन्वय स्थापित कर सुलझा लिया गया है। थाना स्तर पर पीस कमेटी व जिले स्तर पर सेन्ट्रल पीस कमेटी की बैठक भी की गई है। होली पर अग्नि सुरक्षा के लिए फायर ब्रिगेड को समुचित स्थानों पर सक्रिय रखा जाएगा। सोशल मीडिया पर 24 घण्टे विशेष निगरानी रखी जाएगी ताकि अगर कोई व्यक्ति ऐसी पोस्ट करता है जिससे अमन–चौन में बाधा उत्पन्न होने की आशंका हो। तो उसके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जा सके। एसपी ने बताया कि होली त्योहार के दौरान डीजे पर अश्लील गाने नहीं बजेंगे। इसके लिए डीजे मालिकों के साथ संवाद कर हिदायद दे दी गई है। सभी स्थानों को क्यूआरटी व पीएसी के रूप में अतिरिक्त बल प्रदान किया गया है तथा त्योहार के दिन स्थानीय खूफिया पुलिस टीम भी सादी वर्दी में होलिका दहन के दिन जुलूस में शामिल होंगी। यदि कोई भी व्यक्ति अमन–चौन में बाधा उत्पन्न करने की कोशिश करेगा तो उसके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने लोगों से शांतिपूर्ण तरीके से होली का त्योहार मनाने की अपील की है।

# करंट की चपेट में आकर बिजली संविदा कर्मचारी की मौत

**संवाददाता–श्रावस्ती।** आपूर्ति समय में एक लाइनमैन खम्भे पर चढ़कर लाइन ठीक कर रहा था। इस दौरान लाइनमैन करंट की चपेट में आ गया औ झुलस कर उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया लेकिन परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम कराने इनाकर कर दिया। इस पर लिखापढ़ी कर पुलिस ने शव परिजनों को सौं दिया। मल्हीपुर थाना क्षेत्र ग्राम पंचायत कुंडा के मजरा बड़का कुंडा निवासी एजाज अहमद (28) पुत्र छोट्टन बिजली विभाग में संविदा पर लाइन मैन था। शुक्रवार दोपहर में वह थाना क्षेत्र के भगवानपुर भैसाही के मजरा भैसाही में गांव में लाइन ठीक करने गया हुआ था। बताया जाता है कि बिजली आपर्ति चालू थी और एजाज चलती हुई लाइन के समय में लाइन ठीक करने खम्भे पर चढ़ गया। तार जोड रहा था तभी वह करंट की चपेट में आ गया। इससे झुलस कर मौके पर ही उसकी मौत हो गई। सूचना परिजनों को हुई तो वह घटनास्थल पर पहुंचकर शव को लेकर घर चले आए। शव देखते ही परिजनों में कोहराम मच गया। हादसे की जानकारी होने पर मल्हीपुर पुलिस मृतक के घर पहुंच गई और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने की तैयारी करने लगी। लेकिन परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया। इस पर पुलिस ने लिखापढ़ी कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया। थानाध्यक्ष जयहिर मिश्रा ने बताया कि करंट से बिजली संविदा कर्मचारी की करंट लगने से मौत हुई है। परिजन शव का पोस्टमार्टम नहीं कराना चाह रहे थे। लिखापढ़ी कर शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया।

# अमेरिका रिटर्न डा. प्रशांत और उनकी पत्नी डा. सुरेखा ने कि संतों महंतों की जांच



**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

अयोध्या ।नयोनिका आई केयर चौरिटेबल ट्रस्ट, बैंगलोर द्वारा हनुमान गुफा तिराहा बाईपास स्थित संकट मोचन हनुमान किला मंदिर के पीठाधीश्वर महंत परशुराम दास महाराज के आशीर्वाद एवं अंतरराष्ट्रीय श्री राम कथा प्रवक्ता स्वामी चंद्रांशु जी महाराज के सानिध्य में अयोध्या के संतो महंतो श्रद्धालुओं के लिए लगाए गए निशुल्क नेत्र शिविर का उद्घाटन रंग महल पीठाधीश्वर महंत राम शरण दास ने किया। चिकित्सा शिविर में अमेरिका रिटर्न डॉ प्रशांत और उनकी धर्मपत्नी डॉ सुरेखा ने संतों महंतों की जांच की। डॉ प्रशांत ने कहा कि मैं अमेरिका से भारत आया हूं गरीबों की सेवा के लिए। बैंगलोर में मैंने और मेरे पत्नी ने हजारों गरीबों की सेवा कि और अब अयोध्या में संतों की सेवा मन में आशा जागृत हुई यहां के संतों के आशीर्वाद से अयोध्या में कैंप लगाया हूं और लगातार लगता रहूंगा जब तक एक–एक संतो की सेव नहीं हो जाती है। सभी को निशुल्क जांच चश्मा और दवा उपलब्ध कराया जाएगा। श्री राम लला जी बालक 500 वर्षों के बाद विराजमान हैं इसलिए बच्चों की भी जांच निशुल्क होगी।

महंत रामशरण दास ने बताया कि जीवन में आंख नहीं है तो कुछ नहीं है इसलिए मै डॉ सब पति–पत्नी को आशीर्वाद देता हूं कि वह निरंतर सेवा करते रहे। महंत परशुराम दास महाराज ने बताया कि अयोध्या के संतो महंतों और बच्चों के लिए यह शिविर लगाई गई है सभी महात्माओं को निशुल्क दवा जांच और चश्मा की जाएगी। अंतर्राष्ट्रीय कथा प्रवक्ता चंद्रांशु जी महाराज ने बताया कि डॉ अमेरिका जैसे विकसित देश को छोड़कर के भारत में सेवा के लिए आए यहां सेवा कर रहे हैं और राम मंदिर निर्माण के बाद उनके मन में विचार आया कि अयोध्या के संतों महंतों की सेवा की जाए इसके लिए शिविर लगाया जाए आज वह सपना पूरा हुआ अयोध्या के सभी संतो की सेवा की जाएगी और अब शिविर अयोध्या में निरंतर लगती रहेगी। शिविर के संयोजक शशिकांत शर्मा सभी का आभार व्यक्त किया और कहा कि इस पुनीत कार्य के लिए जितने लोग सहयोगी हैं मैं उनका आभार व्यक्त करता हूं। सबसे पहले डॉक्टर साहब ने रंग महल के महंत रामशरण दास खाक चौक के मुख्य पुजारी महंत चरण दास की जांच करके कैंप का शुभारंभ किया। विधायक प्रतिनिधि श्याम बाबू गुप्ता, पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष राजमणि सिंह ऋषभ सिंह अरुण सिंह,अमन सिंह,बैंगलोर से डॉक्टर साहब के साथ उनके सहयोग में शरद डेविड और विहान ने मरीजों की सेवा की।

# चुनाव में न होने पाए नकदी और शराब का वितरण

**संवाददाता–श्रावस्ती।** लोकसभा चुनाव को निष्पक्ष व पारदर्शी तरीके से कराने के लिए कोषागार में उड़नदस्ता टीम के लोगों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में निर्देश दिया गया कि चुनाव में किसी प्रकार से नकदी व शराब का वितरण न होने पाए। इसके लिए अपनी रिपोर्ट प्रतिदिन भेजनी होगी। प्रशिक्षण में वरिष्ठ कोषाधिकारी विनीत कुमार यादव ने कहा कि निष्पक्ष चुनाव के लिए टीमें गठित की गई हैं। आदर्श आचार संहिता के प्रभावी होते ही उड़न दस्ता टीम का कार्य प्रारम्भ हो गया हैं। उड़नदस्ता टीम प्रतिदिन की रिपोर्ट अपने सम्बन्धित नोडल अधिकारी को देनी होगी। उन्होने बताया कि प्रत्येक विधानसभा में तीन या अधिक उड़न दस्ते की टीम प्रमुख रूप से अवैध नकदी का आदान–प्रदान या शराब का वितरण या अन्य कोई प्रलोभनात्मक वस्तुएं जो मतदाताओं को देने के लिये प्रयोग में लाई जा रही हो उसका पता लगाएगी। उड़नदस्ता टीम में एक प्रमुख वरिष्ठ कार्यकारी मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई है। जिसमें एक पुलिस अधिकारी एक वीडियो ग्राफर और पुलिस कार्मिक हैं। प्रत्येक टीम के पास नकदी या सामान इत्यादि की जब्ती के लिए पूरी तरह समर्पित एक वाहन, एक वीडियो कैमरा और अपेक्षित दस्तावेज अवश्य होना चाहिए। सहायक कोषाधिकारी अवधेश कुमार यादव ने बताया कि निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान निर्वाचन क्षेत्र में उड़नदस्तों के लिये आयोग की ओर से मानक निर्धारित किया गया है। किसी परिसर में नकदी या अन्य मूल्यवान वस्तुओं के भंडारण के सम्बन्ध में शिकायत मिलने पर त्वरित कार्रवाई की जाय। इस दौरान वित्त एवं लेखाधिकारी बेसिक शिक्षा विभाग रविकांत सिंह ने सी–विजिल ऐप के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर उड़नदस्ता दल के प्रभारी अधिकारी एवं पुलिस कर्मी एवं कोषागार के अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

## संतों महंतों ने हरिओम शरण को श्री जानकी सखी मंदिर का महंत बनाया

**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**



अयोध्या । श्री जानकी सखी मंदिर बाबा लाल दयाल ट्रस्ट की संस्थापिका श्री राजरानी के सानिध्य में श्री लक्ष्मणकिलाधीश महंत मैथिलीरमण शरण महाराज के संरक्षण वा अध्यक्षता में उनके कृपा पात्र शिष्य हरिओम शरण को महंत नियुक्त किया गया। महंत मैथिली रमण शरण महाराज ने बताया कि वैष्णो सनातन परंपरा के अनुसार हरिओम शरण को कंठी चद्दर और तिलक देकर के श्री जानकी सखी मंदिर का महंत बनाया गया। हरि ओम शरण सनातन वैष्णव परंपरा का पालन करते हुए मंदिर में विराजमान ठाकुर जी की अष्टयाम सेवा करेंगे मंदिर की परंपरा के अनुसार वर्ष में पढ़ने वाले उत्सव सवैया मनाएंगे और जीवन भर वैष्णो परंपरा का पालन करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि हरिओम शरण हमारे शिष्य हैं और निरंतर सनातन वैष्णव परंपरा का पालन करते रहे हैं यही कारण है कि उनको इस मंदिर का उत्तरदायित्व सौंपा गया है। महंती समारोह के मौके पर श्री रामवल्लभा कुंज के अधिकारी श्री राजकुमार दास श्री हनुमत निवास के महंत आचार्य मिथिलेशनन्दिनीशरण , श्री मंगल भवन सुंदरधाम पीठाधीश्वर महंत कृपालु राम भूषण दास रामचरितमानस भवन के महंत अर्जुन दास महाराज महंत रामभद्र शरण, वेदान्ती कुटी के महंत अमित कुमार दास, सीताकांत सदन के महंत किशोरी शरण, सांसद बृजभूषण शरण सिंह के अयोध्या प्रतिनिधि महेंद्र त्रिपाठी , पार्षद महेंद्र शुक्ला, पार्षद अनुज दास, पार्षद अनुज दास, पार्षद प्रतिनिधि प्रियस दास सहित सैकड़ो संतो महंत ने महंती समारोह में सम्मिलित होकर हरिओम शरण को कंठी चद्दर देकर तिलक लगाकर श्री जानकी सखी मंदिर का महंत बनाया। महंत मैथिलीरमण शरण महाराज के शिष्य श्री लक्ष्मण किला के अधिकारी सूर्य प्रकाश शरण ने संतों महंतो का स्वागत किया और बताया कि यह मंदिर श्री रामानंद सम्प्रदाय के उच्च कोटि के संत श्री बाबा लाल दयाल महाराज के परम्परा का है जिसका महंत संतों महतो ने हरी ओम शरण को बनाया। इस अवसर पर शिवपूजन मिश्र कथा व्यास श्याम सारथी जी रवि दूबे सहित सैकड़ों लोग उपस्थित है।

# अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में आम आदमी कार्यकर्ताओं का प्रदर्शन



**संवाददाता–गोरखपुर।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी का आम आदमी पार्टी ने विरोध किया। शुक्रवार को जिलाधिकारी कार्यालय पर कार्यकर्ताओं ने जोरदार प्रदर्शन किया। आप कार्यकर्ताओं ने यहां प्रधानमंत्री का पुतला फूंकने की भी कोशिश की। गुरुवार की देर रात परिवर्तन निदेशालय ने दिल्ली के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार कर लिया। शराब कांड मामले में उनकी गिरफ्तारी के विरोध में शुक्रवार को देशभर में आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता प्रदर्शन कर रहे हैं। इसी क्रम में गोरखपुर में भी पार्टी कार्यकर्ताओं ने जोरदार प्रदर्शन किया। इसकी अगुवाई महानगर अध्यक्ष विजय श्रीवास्तव, प्रभारी प्रवीण यादव, अजीत श्रीवास्तव, प्रदेश उपाध्यक्ष विनीत मिश्रा, आशीष कुशवाहा, हरेंद्र यादव, रमेश शर्मा, धनजय श्रीवास्तव, रितु सागर मौजूद रहे।

# मंगलकारी है भगवान शिव का विवाह



**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**
बस्ती । भगवान शिव का विवाह मंगलकारी है। वे धर्म की सवारी कर वृषभ पर बैठकर बारात लेकर निकले। उनका भेष भले ही विलक्षण हो किन्तु वे समाज को संदेश देते हैं कि विवाह संस्कार में अनावश्यक प्रदर्शन न किया जाय। शंकर जी की बारात में दुनिया के सभी विलक्षण जीव थे। देवता से लेकर भूत–पिशाच तक इस बारात में शामिल हुए। यह सद् विचार कथा व्यास पूज्य संत स्वामी रघुबीरदास ने नारायण सेवा संस्थान ट्रस्ट द्वारा आयोजित 9 दिवसीय संगीतमयी श्रीराम कथा का दुबौलिया बाजार के राम विवाह मैदान में तीसरे दिन व्यक्त किया।

कथा को विस्तार देते हुये महात्मा जी ने कहा कि बारात जब हिमांचल राज के यहां पहुंची तो माता मैना देवी भगवान शिव की आरती करते वक्त बेहोश हो गईं। विद्वानों का कहना है कि मैना देवी को लगा कि जिसने सिर पर चंद्रमा धारण किया हो उसकी आरती एक छोटे दीपक से कैसे हो सकती है। इसी प्रकार जिसकी जटाओं से गंगा जी निकली हों उसकी पूजा एक लोटा जल से कैसे हो सकता है। बारात का यथोचित स्वागत के बाद वैदिक रीति रिवाज से विवाह संपन्न कराया गया।

महात्मा जी ने कहा कि

## –9 दिवसीय संगीतमयी श्रीराम कथा

श्रीराम का जीवन ऐसा पवित्र है कि उनके स्मरण मात्र से हम पवित्र हो जाते हैं। उनका अवतार जगत को मानव धर्म उपदेश के लिये था। सभी दिव्य गुण जिसमें एकत्र होते हैं वही परमात्मा है। लक्ष्मण विवेक, भरत वैराग्य और शत्रुघ्न सद विचार स्वरूप है। चंदन और पुष्प से श्रीराम की सेवा करना अच्छी बात है किन्तु उनकी मर्यादा का पालन सर्वोत्तम है। जिसका व्यवहार रामजी जैसा होगा उसकी भक्ति सफल होगी।

श्रीराम कथा के तीसरे दिन कथा व्यास का विधि विधान से मुख्य यजमान संजीव सिंह ने पूजन किया। आयोजक बाबूराम सिंह, अनिल सिंह, सौरभ शास्त्री, राजन तिवारी, शुभम तिवारी, अनूप सिंह, जसवंत सिंह, सत्यनरायन द्विवेदी, मनोज गुप्ता, चन्द्रभान गुप्ता, नीरज गुप्ता, पवन सिंह, दिलीप सिंह, हर्षित सिंह, आदित्य प्रताप सिंह, दिनेश सिंह, गणेश तिवारी, डा. ओम प्रकाश सिंह, विजय सिंह, रामू, राधेश्याम, विभा सिंह, इन्द्रपरी सिंह, दीक्षा सिंह, श्रद्धा सिंह, सौरभ तिवारी, सोनू सिंह, शीला सिंह के साथ ही बड़ी संख्या में क्षेत्रीय नागरिक श्रीराम कथा में शामिल रहे।

# राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के समापन पर छात्राओं ने बनाया रंगोली



**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**
नगर बाजार (बस्ती) । श्रीराम सहाय सिंह कन्या महाविद्यालय महरीपुर के द्वारा कुसमौर में स्थित प्राथमिक विद्यालय में चल रहे सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतिम दिन छात्राओं में रंगोली प्रतियोगिता व मेंहदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

रंगोली प्रतियोगिता रंगोली में प्रथम स्थान गरिमा पांडे शालिनी शर्मा खुशी सिंह श्रेया, द्वितीय स्थान पूजा आंचल चौधरी हर्षिता सिंह अंशु वर्मा रेनू यादव नंदनी यादव निशा राजेश्वारी गुप्ता, तृतीय स्थान पर श्रेया उपाध्याय रेनू काजल श्रुति उपाध्याय सुधा त्रिपाठी संजीवनी काजल आदि की टीम रही।

मेंहदी प्रतियोगिता में आमिना प्रथम,गरिमा द्वितीय व शिखा यादव को तीसरा स्थान मिला। मुख्य अतिथि डॉक्टर विनोद कुमार सिंह ने कहा कि ऐसे आयोजन होते रहना चाहिए,इससे बच्चों की प्रतिभा निखर कर सामने आती है।

विद्यालय के प्रबंधक सत्य प्रकाश सिंह ने सभी प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि प्रतियोगिता में सभी प्रतिभागियों ने अपनी कला का बेहतर प्रदर्शन किया। कुछ प्रतिभागियों की रंगोली प्रतियोगिता में ज्यादा बेहतर किया है। जिस कारण वह इस प्रतियोगिता में विजयी हुए। अगली बार सभी प्रतिभागियों को यह प्रयास करना चाहिए की प्रतियोगिता में वह भी विजयी हो सके। प्रतियोगिता में अपना सर्वश्रेष्ठ देने की भावना रखनी चाहिए। इस दौरान रंगोली एवं मेंहदी प्रतियोगिता में विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया।

प्रतियोगिता के सफल आयोजन में विद्याल के प्राचार्य डॉक्टर मनोज चतुर्वेदी, विशिष्ट अतिथि रोहित सिंह, डॉ राजीव कुमार सिंह, पवन कुमार ग्राम प्रधान कुशमौर, सत्य प्रकाश सिंह, राम प्रकाश सिंह,सुनीता श्रीवास्तव, डॉ जयप्रकाश पाण्डेय, डॉक्टर कृष्ण कुमार प्रजापति, आशुतोष तिवारी, मंजू सिंह, रजनी सिंह, नीरज त्रिपाठी, सूर्य प्रताप वर्मा, अरुण त्रिपाठी, नागेंद्र मिश्रा, तस्लीम, अमरजीत, रजनीश, संदीप शुक्ला, राजेश दुबे, सूरज प्रजापति आदि लोग मौजूद रहे। सभी अध्यापकों का सराहनीय योगदान रहा।

# गोला में अनियंत्रित कार एटीएम में घुसी


**संवाददाता–गोरखपुर।** गोरखपुर के गोला इलाके में शुक्रवार को एक तेज रफ्तार कार यूको बैंक के एटीएम में घुस गई। गनीमत रही कि उस वक्त एटीएम में कोई मौजूद नहीं था, वरना बड़ा हादसा हो सकता था। कार की टक्कर से ।

एटीएम में लगा सीसे का दरवाजा टूट गया और मशीन क्षतिग्रस्त हो गई। वहीं कार का अगला हिस्सा भी डैमेज हो गया।

# गोला थानेदार और ड्यूटी पर मौजूद पुलिसकर्मी लाइन हाजिर

**संवाददाता–गोरखपुर।** पुलिस हिरासत में युवक की मौत के मामले में आरोपित बनाए गए पुलिसवालों पर एसएसपी डा. गौरव ग्रोवर ने कार्रवाई कर दी। उन्होंने थानेदार और चौकी इंचार्ज के अलावा ड्यूटी पर मौजूद सभी पुलिसकर्मियों को लाइन हाजिर कर दिया। गोला थाना क्षेत्र के बाढ़ा बुजुर्ग निवासी विनय कुमार पांडेय उर्फ दीपक नामक युवक को बुधवार को छेड़खानी के आरोप में गोला पुलिस थाने पर लेकर आई थी। थाने में हालत बिगड़ने पर विनय की मौत हो गई थी। परिवारीजनों ने उपचार में लारवाही सहित अन्य आरोप लगाकर हंगामा शुरू किया था। विनय के भाई चंद्रप्रकाश पाण्डेय की तहरीर पर गोला थाने में एसएचओ गोला,चौकी प्रभारी चीनी मिल, ड्यूटी पर तैनात समस्त स्टाफ सहित अन्य करीब 22 लोगों के खिलाफ बलवा, जानमाल की धमकी और हत्या की धारा में केस दर्ज किया गया।

# इस बार रामनवमी पर नहीं होगा रामलला का सूर्य तिलक



**संवाददाता–अयोध्या।** अयोध्या में राम मंदिर के दर्शन के लिए देश से लेकर विदेश से श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के बीच मंदिर का निर्माण कार्य भी जारी है। उम्मीद की जा रही है कि इस साल के अंत तक मंदिर का निर्माण कार्य पूरा हो जाएगा। राम मंदिर निर्माण समिति की दो दिवसीय बैठक संपन्न हो गई। ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने कहा कि अभी दो रामनवमी तक रामलला के ललाट पर सूर्य अभिषेक नहीं हो पाएगा। ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने कहा कि जल्द से जल्द राम मंदिर का निर्माण कार्य खत्म करने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने कहा कि मंदिर का प्रथम स्थल, द्वितीय तल, शिखर, परकोटा शेषावतार मंदिर सप्त ऋषि मंदिर समेत 18 माह में सारे निर्माण पूरे हो जाएं ये कोशिश हो रही है। ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने बताया कि रामनवमी में 25 से 30 लाख श्रद्धालु अयोध्या पहुंचेंगे। उन्होंने कहा कि 14 से 17 अप्रैल तक श्रद्धालु अयोध्या पहुंचेंगे। बता दें कि 17 अप्रैल को मनाया जाएगा राम जन्मोत्सव। इस बैठक में कई अहम मुद्दों पर चर्चा की गई। इसमें अहम था कि जब तीन दिन आएंगे श्रद्धालु तो उनको वापस जाने में भी तीन दिन लगेंगे, एक हफ्ते में इतनी बड़ी राम भक्तों की भीड़ होगी, इनको भोजन कहां मिलेगा, रात्रि निवास कैसे करेंगे, मल मूत्र त्याग कहां होगा, ट्रैफिक कंट्रोल क्या होगा, भगवान के दर्शन कैसे होंगे, इन सभी मुद्दों पर चर्चा हुई। बता दें कि 10 मार्च को लगभग दो लाख 25 हजार श्रद्धालुओं ने किया रामलला का दर्शन किया। 17 मार्च को लगभग 1 लाख 75 हजार श्रद्धालुओं ने राम लला के दर्शन किए। आजकल भी लगभग 1 लाख 25 हजार दर्शन करने का आंकड़ा सामने आ रहा है। रामलला के ललाट पर सूर्य तिलक तब होगा जब शिखर बनकर तैयार हो जाएगा, सूर्य अभिषेक की जो तकनीक है वह तब आएगी जब शिखर का निर्माण पूरा हो जाएगा।

# दूषित पानी दे रहे बीमारियों को जन्म, शुद्धपेय जल योजना अधर में

**संवाददाता–संतकबीरनगर।** जिले में टीकाकरण के माध्यम से जेई की बीमारी को पूरी तरह से काबू पा लिया गया है, लेकिन एईएस की बीमारी अभी भी सिरदर्द बनी हुई है। एईएस की बीमारी का प्रमुख कारण दूषित पानी भी है। शहर से लेकर गांव तक अभी लोग उथले नल से पानी पी रहे हैं। यही दूषित पानी दिमागी बुखार फैला रहा है। हालांकि बेहतर इलाज की सुविधा होने से बीमारी काफी हद तक नियंत्रित हो चुकी है। वर्ष 2023 में जेई और एईएस से एक भी मौतें नहीं हुई हैं। भूगर्भ जल का ऊपरी हिस्सा प्रदूषित हो चुका है। इसकी वजह है कि लोगों के घरों से निकलने वाला पानी जमीन में डाल दिया जा रहा है। कुछ लोग तो पाइप गला कर दूषित पानी सीधे जमीने में मिला दे रहे हैं। यही कारण है कि संचारी रोग नियंत्रण अभियान के दौरान जल निगम उथले नलों पर लाल पेंट से क्रास का निशान बनाते हैं और लोगों को इस नल का पानी पीने से परहेज करने के लिए कहा जाता है। गांव में इस विषय में जागरूकता कम होने की वजह से देशी नल का पानी भी बहुतायत पिया जाता है। जिले में अभी भी बड़ी संख्या में एईएस के रोगी पाए जा रहे हैं। वर्ष 2023 में एईएस के 65 रोगी पाए गए हैं। इलाज में तत्परता बरतने से किसी भी संक्रमित बच्चे की जान नहीं गई है। वर्ष 2022 में एईएस के 65 और जेई के एक संक्रमित पाए गए हैं। इस वर्ष भी किसी भी संक्रमित बच्चे की मौत नहीं हुई थी। वर्ष 2021 में एईएस से संक्रमित मरीजों का आंकड़ा 102 संक्रमित का था और एक जेई से पीड़ित मरीज पाया गया था।

# हवा–हवाई साबित हो रहा आवारा पशुओं को पकड़ने का अभियान



**संवाददाता–संतकबीरनगर।** संतकबीरनगर जिले के मेंहदावल कस्बे में नगर पंचायत द्वारा आवारा पशुओं को पकड़ने का अभियान हवा–हवाई साबित हो रहा है। मेन रोड ही नहीं बल्कि हर गली–मोहल्ले में आवारा पशुओं का आतंक है। इसके बावजूद जिम्मेदार अधिकारियों ने आंखों पर पट्टी बांध रखी है। ऐसे में कभी किसी के साथ हादसा हुआ तो फिर जिम्मेदारों को जवाब देना भारी पड़ेगा। नगर में आवारा पशुओं की बढ़ती संख्या लोगों के लिए सिरदर्द और जान को खतरा बन रही है। सबसे ज्यादा आवारा सांड़ व बछड़े हैं। इसके बाद गायों का नंबर आता है। कस्बे व आस–पास के कुछ लोगों ने गाय पाल रखी है। अधिकांश लोग दूध निकालने के बाद गायों को डंडा मारकर सड़क पर इधर–उधर चारे के लिए मुंह मारने को छोड़ देते हैं। सड़क और सार्वजनिक स्थलों पर मंडराते आवारा पशु लोगों की जान के लिए खतरा बन गए हैं। सब्जी मंडी में सांड़ों का आतंक इस कदर है कि लोग सब्जी खरीदने के लिए आने के दौरान हिंसक सांड़ों के डर से सहमे रहते हैं। इसी प्रकार गली–मोहल्लों में भी आवारा पशुओं का जमावड़ा रहता है। आवारा पशु झुंड में रहते हैं जो किसी पर अटैक करें तो बचना मुश्किल है। लोगों का कहना है कि नगर में बढ़ते आवारा पशु लोगों की जान के लिए बड़ा खतरा हैं। आवारा पशुओं को पकड़कर गोशाला या जंगल में छोड़ने की ड्यूटी नगर पंचायत की है लेकिन लापरवाही से कस्बे में आवारा जानवर दिन पर दिन बढ़ रहे हैं। नगर पंचायत द्वारा आवारा पशुओं को पकड़ने को लेकर अभियान चलाए जाने का दावा तो किया गया। लेकिन महज कोरम पूर्ति तक ही सीमित रहा।


# अपहर्ता गिरफ्तार, किशोरी को किया बरामद

**संवाददाता–गोरखपुर।** चिलुआताल क्षेत्र के मजनू चौकी अन्तर्गत एक गांव की किशोरी को गांव का ही एक युवक बहला फुसला कर दो दिन पूर्व भगा ले गया था। किशोरी की मां की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर किशोरी को बरामद कर लिया है। किशोरी की मां ने पुलिस को दिए लिखित तहरीर बताया कि बलिराम साहनी पुत्र जेठू साहनी ने उसकी बेटी को बहला फुसला कर भगा ले गया है। चिलुआताल पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा कायम कर जांच कर रही थी। जांच के क्रम में पुलिस ने गुरुवार को रात करीब नौ बजे के आसपास मुखबिर की सूचना पर आरोपित युवक को गिरफ्तार कर लिया। वह किशोरी को लेकर कहीं भागने में फिराक में था। पुलिस ने कानूनी कार्रवाई करते हुए उसे कोर्ट में पेश किया जहां से आरोपित को जेल भेज दिया गया।

# अयोध्या को हराकर गोरखपुर ने जीती राज्य स्तरीय महिला हैंडबाल प्रतियोगिता

**संवाददाता–अम्बेडकरनगर।** राज्य स्तरीय महिला हैंडबॉल प्रतियोगिता के फाइनल मैच में गोरखपुर एवं अयोध्या के बीच हुआ जिसमें अयोध्या ने गोरखपुर को हराकर राज्य स्तरीय हैंडबॉल प्रतियोगिता को अपने नाम कर लिया। विजेता एवं उपविजेता को पुरस्कृत किया गया। कड़े मुकाबले में गोरखपुर ने 17 गोल तथा अयोध्या की टीम ने 12 गोल किया। इसके पूर्व सेमी फाइनल मुकाबला अयोध्या–वाराणसी और बस्ती–गोरखपुर के बीच हुआ जिसमे गोरखपुर और अयोध्या की टीम द्वारा फाइनल मैच खेला गया। विजेता तथा उप विजेता खिलाड़ियों को डा. आनंदेश्वर पांडेय महासचिव यूपी हैंडबॉल संघ ने पुरस्कृत किया। प्रतियोगिता में प्रदेश के नौ मण्डल एवं मेजबान जनपद की टीम ने प्रतिभाग किया गया। गोरखपुर, लखनऊ, बस्ती, प्रयाराज, वाराणसी, सहारनपुर, अयोध्या, बागपत (मेरठ मण्डल), सोनभद्र (मिर्जापुर) एवं अम्बेडकरनगर टीमों के खिलाड़ियों ने प्रतिभाग कर अपना जौहर दिखाया। प्रतियोगिता में कुल 23 रोचक मैच हुए। लीग कम–नाक–आउट बेस पर हुए इस प्रतियोगिता में विजेता गोरखपुर की तरफ से खिलाड़ी समृद्धि सिंह ने आठ, आरती यादव ने पांच, अनन्या यादव ने दो, मुस्कान व प्रिया ने एक–एक गोल किए वहीं पर उपविजेता अयोध्या की तरफ से खिलाड़ी आराधना ने पांच, मोनी चौधरी ने चार, मुस्कान ने दो और प्रीती ने एक गोल अपनी टीम के लिए किया। फाइनल मैच में रेफरी की भूमिका में संदीप राय एवं प्रेम प्रकाश सिंह रहे। जिला क्रीड़ा अधिकारी शीला भट्टाचार्या ने विजेता एवं उपविजेता टीम को बधाई दी। प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका में परमेन्द्र सिंह, अजय श्रीवास्तव, सचिन, नफीस अहमद, हीना खातून, सीमा, नीलम कुमारी, पंकज यादव, पायल, प्रेम प्रकाश सिंह, संदीप पाल एवं विजय रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में हैण्डबाल कोषाध्यक्ष आशाराम वर्मा, जिला व्यायाम शिक्षक मो. हसन, विजय चन्द मिश्र, संगीता कन्नौजिया, वन्दना, निधि मिश्रा, बबिता मिश्रा, अनुपम प्रजापति, एथलेटिक्स प्रशिक्षक सुमेधा यादव, भारोत्तोलन प्रशिक्षक सत्यम सिंह, जीवन रक्षक एवं वीरेन्द्र कुमार निषाद का योगदान रहा।

# चंपत राय ने पैसे लेकर रामलला का दर्शन कराने पर जताई नाराजगी



**संवाददाता–अयोध्या।** पैसे लेकर रामलला के दर्शन कराने के मामले में श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने नाराजगी व्यक्त की है। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा है कि सुगम दर्शन व वीआइपी दर्शन से लोग बचें। अयोध्या में दर्शन के लिए गैर कानूनी काम शुरू हो गया है। उन्होंने कहा कि पुलिस प्रशासन कार्रवाई करे। चंपत ने कहा कि सुगम दर्शन व वीआईपी दर्शन दोनों प्रकार के दर्शनों से लोग अपने आप को बचाएं। इसके नाम पर अयोध्या में अनेक लोगों ने कुछ गैर कानूनी काम करने शुरू कर दिए हैं। उन्होंने स्वीकार किया कि एक मेरे जानने वाले विदेश के नागरिक ने दो हजार रुपये देकर रामलला के दर्शन किए।

अयोध्या के किसी भी मंदिर में कभी भी पैसा लेकर दर्शन करने की कोई परंपरा नहीं रही है। भारत और भारत के बाहर रहने वाले श्रद्धालुओं से निवेदन है कि सामान्य जन के रूप में रामलला दर्शन करने की योजना बनाएं। एक घंटे में प्रवेश द्वार से लेकर निकास द्वार तक बहुत सहजता से भगवान के दर्शन होंगे। अयोध्या में भीड़ को देखते हुए दर्शन के नाम पर पैसे वसूलने का खेल शुरू हुआ था जिसमें एसएसपी राज करण नैय्यर ने एक सिपाही उपेंद्र नाथ को निलंबित किया है और उसके खिलाफ विभागीय जांच शुरू कर दी है। उपेंद्र नाथ को पुलिस लाइन से संबद्ध किया गया है ।

## अदालती नोटिस

(हेतु सन्दर्शित करने की सूचना साधारण प्रारूप)
न्यायालय–श्रीमान द्वादश अति0 सिविल जज (जू0डि0) बस्ती जिला बस्ती
मूलवाद सं0 218/2020
अशर्फी लाल आदि
बनाम
राज कुमारी
राज कुमारी पत्नी मेवालाल साकिन गड़हा तप्पा खुरियार परगना नगर पश्चिम तहसील हर्रैया जिला–बस्ती
**तारीख पेशी 29–03–2024**
चूंकि उपरीनामांकित ने इस न्यायालय में आवेदन किया है कि अतएवं आपके एतद द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप इसे आदेश के खिलाफ हेतु सन्दर्भित करने के लिये 2024 के माह 03 के 29 दिवस को 10.00 बजे पूर्वान्ह में स्वयं या सम्पर्क रूपेण अनुर्दिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपस्थित हो और ऐसा न करने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा।
मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज सन 20 के माह के दिवस को निकाली गयी।
द0 हाकिम

## अदालती नोटिस

इत्तिलानामा बनाम रेपान्डेन्ट बावत इत्तिला तारीख मुकर्ररह समायत अपील
मुर्त0 नं0 78/2022
अदालत–श्रीमान प्रथम अति0 जिला जज महोदय बस्ती जिला–बस्ती
अमरेशचन्द्र तिवारी आदि
बनाम
जगरनाथ आदि
1. जगरनाथ पुत्र सत्य नरायन 2. बाबूराम पुत्र आद्या तिवारी 3. सीताराम पुत्र हरि नरायन तिवारी 4. राम चन्दर 5. पारसनाथ पुत्रगण रामबली साकिनान मौजा तिवारी टोला वार्ड नं0–4 मुहल्ला दक्षिण दरवाजा तप्पा हवेली परगना बस्ती पूरव तहसील व जिला–बस्ती 6. श्रीमती शिवपती देवी बेवा सोमदत्त चौबे साकिन मौजा हरिजरपुर तप्पा औराडाड़ परगना महुली पूरव तहसील खलीलाबाद जिला–संतकबीरनगर 7. वीरेन्द्र कुमार 8. सुरेन्द्र कुमार पुत्रगण रामचन्दर निवासी मौजा तिवारी टोला मोहल्ला दखिन दरवाजा वार्ड नं04 तप्पा हवेली परगना बस्ती पूरव तहसील व जिला–बस्ती
**तारीख पेशी 29–04–2024**
अपील बनराजी अदालत मुकाम मयरिखा महीना सन् 20 ई0 रेस्पान्डेन्टस
इत्तिला दी जाती है कि अपील बनराजी डिगरी इस मुकदमें में मुसम्मी ने पेश इस अदालत में दर्ज रजिस्टर हुआ और इस अदालत व तारीख 29 महीना 04 सन 2024 ई0 वास्ते जमानत तथा अपील मुकर्रर का है।
अगर खुद या आपके वकील या और शख्स जो कानूनन आपकी तरफ से अपील हाजा में जबाब सवाल करने वाजिद हो हाजिर न आयेगा तो उसकी समायत और तजबीज आपकी गैर हाजिरी में एकतरफा हो जायेगी।
आज बतारीख माह सन 20 ई. मेरे दस्तखत और मुहर अदालत के हवाले किया गया।
द0 हाकिम

## अदालती नोटिस

सम्मन बनाम कायम मुकाम कानूनी मुद्दाअलेह मुतवफ्फा
(आर्डर 22, कायदा 4)
न्यायालय–श्रीमान सिविल जज (सी0डि0)/एफ0टी0सी0 बस्ती जिला–बस्ती
मूलवाद सं0 1250/1991
गणेश कुमार
बनाम
लालजी
7/1 अर्पिता सिंह आयु लगभग 22 साल 7/2 अभय प्रताप सिंह आयु लगभग 20 साल पुत्रगण विजय कुमार सिंह 7/3 सुमन सिंह आयु लगभग 45 साल विधवा विजय कुमार सिंह साकिनान मौजा अकला तप्पा वेलवापुर परगना अमोढ़ा तहसील हर्रैया जिला–बस्ती
**तारीख पेशी 01–04–2024**
हरगाह मुद्दई ने एक नालिश इस अदालत में बतारीख माह सन 20 ई0 बनाम मुद्दाअलेह के रूजू की थी, जो बाद की मौत हरगाह मुद्दई मजकूर ने एक दरख्वास्त इस अदालत में गुजारी है कि आप मुतवफ्फा मजकूर का कायम मुकाम कानूनी वारिस है और चाहता है कि बजाय उसके मुद्दाअलेह बनाये जांय।
लिहाजा आपको हुक्म होता है कि बतारीख 01 माह 04 सन 2024 ई0 बवक्त 10 बजे इस अदालत में हाजिर होकर मुकदमा मजकूर जबाबदेही कीजिये और अगर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा वगैर हाजिरी आपके मसमूअ और फैसला होगा।
बवक्त मेरे दस्तखत और मुहर अदालत आज बतारीख माह सन 20 ई0 जारी किया गया।
द0 हाकिम

## अदालती नोटिस

सम्मन वास्ते करारवाद उमूर तनकीह तलब
(आर्डर 5 कायदा 1 व 5)
न्यायालय–श्रीमान सिविल जज (सी0डि0) बस्ती जिला–बस्ती
मु0नं0– 306/2023
राममिलन
बनाम
कोदई
2. मोहित राम आयु करीब 70 साल पुत्र बलेसर ग्राम भीटी मिश्र तप्पा पुरैना परगना अमोढ़ा तहसील हर्रैया जिला–बस्ती 3. रामदीन आयु करीब 72 साल पुत्र बलिराज ग्राम रानीपुर तप्पा पुरैना परगना अमोढ़ा तहसील हर्रैया जिला–बस्ती 4. बाबूलाल आयु करीब 45 साल 5. रघुराज आयु करीब 48 साल पुत्रगण रामदीन ग्राम रानीपुर तप्पा पुरैना परगना अमोढ़ा तहसील हर्रैया जिला–बस्ती
**तारीख पेशी 07–05–2024**
हरगाह ने आपके नाम नालिश बाबत के दायर की है। लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 07 माह 05 सन 2024 ई0 बवक्त 10 बजे दिन असालतन या मारफत वकील के जो मुकदमें के हालत से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और जो कुल उमूर अहम मुतल्लिका मुकदमा जबाब दे सके या जिसके साथ कोई और सख्श हो जो कि जबाब ऐसे सवालत का दे सके हाजिर हों और जबाबदेही दावा कीजिये और हरगाह वही तारीख जो आपके इजहार के लिये मुकर्रर है वास्ते इनफिसाल कत्तई मुकदमा के तजबीज हुई है और आपको लाजिम है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज को जिनको आप अपनी जबाबदेही के तहत इस्तेमाल करना चाहते हों पेश करें।
आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी आपके मसमुआ और फैसला होगा। बसख्त मेरे दस्तखत और मुहर अदालत के आज बतारीख माह सन 20 ई0 जारी किया गया।
द0 हाकिम

## अदालती नोटिस

सम्मन वास्ते करारवाद उमूर तनकीह तलब
(आर्डर 5 कायदा 1 व 5)
न्यायालय–श्रीमान सिविल जज (जू0डि0) बस्ती जिला–बस्ती
मु0नं0– 148/2023
सतीश कुमार आदि
बनाम
रामफल
1. रामफल पुत्र केदारनाथ ग्राम कल्याणपुर तप्पा सिकन्दरपुर परगना बस्ती पूरव तहसील भानपुर जिला बस्ती
**तारीख पेशी 30–04–2024**
हरगाह ने आपके नाम नालिश बाबत के दायर की है। लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 30 माह 04 सन 2024 ई0 बवक्त 10 बजे दिन असालतन या मारफत वकील के जो मुकदमें के हालत से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और जो कुल उमूर अहम मुतल्लिका मुकदमा जबाब दे सके या जिसके साथ कोई और सख्श हो जो कि जबाब ऐसे सवालत का दे सके हाजिर हों और जबाबदेही दावा कीजिये और हरगाह वही तारीख जो आपके इजहार के लिये मुकर्रर है वास्ते इनफिसाल कत्तई मुकदमा के तजबीज हुई है और आपको लाजिम है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज को जिनको आप अपनी जबाबदेही के तहत इस्तेमाल करना चाहते हों पेश करें।
आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी आपके मसमुआ और फैसला होगा। बसख्त मेरे दस्तखत और मुहर अदालत के आज बतारीख माह सन 20 ई0 जारी किया गया।
द0 हाकिम

## बेदखली सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्रार्थी विजय कुमार गुप्ता पुत्र श्री दुर्गा प्रसाद गुप्ता स्टेशन रोड़ पुरानी बस्ती थाना– पुरानी बस्ती तहसील बस्ती सदर जनपद बस्ती का निवासी है। मेरे चार पुत्र सचिन कुमार गुप्ता, आदित्य कुमार गुप्ता,, आदर्श कुमार गुप्ता, और संदीप कुमार गुप्ता हैं। मेरे चारों बेटे परिवार के कहने–सुनने में नहीं हैं। आये दिन विवाद और कलह किया करते हैं। मेरे पिता और परिवार के सदस्य मेरे भाई और उनके परिवार के सदस्य इससे काफी परेशान और दुःखी है। वे मेरे या परिवार के साथ कोई भी अप्रिय घटना को अंजाम दे सकते हैं। वे आये दिन मुझे जान से मारने की धमकी देते हैं। इससे दुःखी होकर मैं अपने चारों पुत्रों को अपने चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर रहा हूं। अब उनका मेरे परिवार से कोई वास्ता सरोकार नहीं है। अपने किसी भी कृत्य, विवाद, लेन देन आदि के लिये वे स्वंय जिम्मेदार होंगे। प्रकाशन इस लिये करा रहा हूं कि वक्त जरूरत पर काम आवे।

**दैनिक भारतीय बस्ती**
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक प्रदीप चन्द्र पाण्डेय द्वारा दर्पण प्रिन्टिंग प्रेस वि0. नया हाल 1–4 A लोहिया काम्पलेक्स जिला पंचायत भवन गांधीनगर बस्ती (उ.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
सम्पादक दिनेश चन्द्र पाण्डेय

प्रबन्ध सम्पादक–**दिनेश सिंह**
संयुक्त सम्पादक–**प्रदीप चन्द्र पाण्डेय**
**अयोध्या–फैजाबाद कार्यालय–**
चतुर्भुजी मंदिर परिसर लक्ष्मण घाट अयोध्या–फैजाबाद
**लखनऊ कार्यालय–**
आशियाना चौराहा, एल.डी.ए. कालोनी, सेक्टर एच. कानपुर रोड लखनऊ।
**गोरखपुर कार्यालय–**
इलाहीबाग गोरखपुर।
मो09450567450 9336715406,
ई.मेल**bhartiyabasti@yahoo.com**
**bhartiyabasti@gmail.com**